


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


रितेश देशमुख की वेड का ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 04 जनवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 15 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा हमारे लोकतंत्र का आधार है हमारा संविधान

जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा व जीवंत लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र का आधार हमारा संविधान है। राष्ट्रपति मुर्मू यहां राजभवन में नवनिर्मित संविधान उद्यान के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा, ''हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा व जीवंत लोकतंत्र है। हमारे इस महान लोकतंत्र का आधार हमारा संविधान है। इस समारोह में भाग लेकर संविधान निर्माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर मुझे मिल रहा है। संविधान में हुए 105 संशोधनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा,'' इस प्रकार से हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है जो समय के साथ बदलती हुई जनमानस की आशाओं व आकांक्षाओं को सम्माहित करने में पूरी तरह सक्षम है।'' राष्ट्रपति ने कहा,'' हमारे संविधान में समानता का अधिकार दिया गया है। समानता तथा महिला सशक्ति के संदर्भ में राजस्थान के एक महत्वपूर्ण योगदान को मैं रेखांकित करना चाहूंगी।'' उन्होंने कहा कि बाल विवाह को समाप्त करने के वास्ते एक अधिनियम तैयार करने में राजस्थान के हरविलास शारदा का महत्वपूर्ण योगदान है और इस प्रकार राजस्थान का इतिहास महिलाओं की गरिमा व सशक्तीकरण का इतिहास भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि संविधान उद्यान में स्थापित प्रतीकों में सम्माहित उच्च आदर्शों से आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेंगी। उन्होंने कहा,'' मैं समझती हूं कि इस संविधान उद्यान के निर्माण का मुख्य उद्देश्य संविधान के आदर्शों के प्रति जागरुकता बनाए रखना है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण उद्देश्य है जो हमारे देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने की दिशा में बड़ा प्रयास है।'' इससे पहले राजस्थान की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान उद्यान की पट्टिका का अनावरण तथा उद्यान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी उनके साथ थे। पार्क के वास्तुकार अनूप बरतरिया ने उन्हें पार्क के बारे में जानकारी दी। राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां आमजन में संवैधानिक जागरुकता लाने के लिए राजभवन में संविधान उद्यान स्थापित किया गया है। पार्क में प्रतिमाओं, मॉडल और चित्रों आदि के माध्यम से संविधान के निर्माण से लेकर उसके कार्यान्वयन तक की यात्रा को प्रदर्शित किया गया है। राष्ट्रपति ने राजभवन में स्थापित मयूर स्तम्भ, फ्लैग पोस्ट, गांधी प्रतिमा एवं महाराणा प्रताप की अपने घोड़े चेतक के साथ विश्रान्ति मुद्रा में स्थापित प्रतिमा का अवलोकन किया। राष्ट्रपति के रूप में मुर्मू की यह पहली राजस्थान यात्रा है। इससे पहले जयपुर हवाई अड्डा पहुंचने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उनकी अगवानी की। यहां से मुर्मू शहर में स्थित अमर जवान ज्योति पहुंचीं और वहां अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।




# तवांग झड़प के बाद अपने पहले अरुणाचल दौरे से चीन को स्पष्ट संकेत दे गये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। तवांग में भारत और चीन के सैनिकों के बीच दिसंबर महीने में हुई झड़प के बाद आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अरुणाचल प्रदेश पहुँचे और एलएसी के पास एक पुल का उद्घाटन कर भारत की रक्षा तैयारियों को बल प्रदान किया तथा अपने संबोधन के माध्यम से चीन को कड़ा संदेश भी दिया। राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिनमें सबसे खास सिओम पुल है जोकि सियोम नदी पर बनाया गया है। यह पुल रणनीतिक रूप से भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वास्तविक नियंत्रण रेखा के दूरदराज के क्षेत्रों में सैनिकों को तैनात करने में सहायक होगा। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर दिये अपने संबोधन में कहा कि सीमा सड़क संगठन ठत्व ने जिस भावना और गति के साथ विकास कार्यों को अंजाम दिया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने की योजना सरकार की प्राथमिकता में है, ताकि वहां रहने वाले लोगों के विकास के साथ–साथ, उनमें व्यवस्था के प्रति विश्वास की भावना विकसित हो सके। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन द्वारा देश के सीमावर्ती इलाकों में निर्मित 28 मूल ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि मुझे बड़ी खुशी और गौरव का अनुभव हो रहा है। अरुणाचल प्रदेश के बोलेंग में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के पास देश की सीमा पर विरोधियों की चुनौतियों को विफल करने की पूरी क्षमता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत कभी भी युद्ध को बढ़ावा नहीं देता है और हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहता है। रक्षा मंत्री ने बिना किसी देश का नाम लिये स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि भारतीय सेना में सीमा पर किसी भी चुनौती का सामना करने की क्षमता है और वह किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। राजनाथ सिंह ने दोहराया कि भारत एक ऐसा देश है जो कभी भी युद्ध को बढ़ावा नहीं देता है और हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि यह संस्कृति और संस्कार हमें भगवान राम और भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से विरासत में मिला है। हालांकि देश के पास उकसाने पर किसी भी तरह की स्थिति का सामना करने की क्षमता भी है।



# फ्री स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

## मंत्री के बयान के लिए सरकार जिम्मेदार नहीं

नई दिल्ली। किसी भी मंत्री, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मंत्री संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अन्य नागरिकों की तरह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समान रूप से आनंद लेते हैं। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि इस संसद सदस्य (सांसद) और विधानसभा सदस्य (विधायक) के बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार पर पाबंदियां लगाई जा सकती है? इस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने अपना अहम फैसला सुनाया है। फ्री स्पीच केस पर पांच जजों की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य या केंद्र सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों व उच्च पद पर बैठे व्यक्तियों की अभिव्यक्ति की आजादी पर कोई अतिरिक्त पाबंदी की आवश्यकता नहीं है। तरह के सार्वजनिक पदाधिकारियों के स्वतंत्र भाषण के मौलिक अधिकार पर अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है। जस्टिस एस अब्दुल नजीर, एएस बोपन्ना, बीआर गवई, वी रामासुब्रमण्यन और बीवी नागरत्ना की संविधान पीठ ने कहा कि सार्वजनिक पदाधिकारियों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो सकता है, जो संपूर्ण हैं और सभी नागरिकों पर लागू होता है। न्यायालय ने कहा कि सरकार या उसके मामलों से संबंधित किसी मंत्री द्वारा दिए गए बयानों को अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। एक अलग फैसले में, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक बहुत आवश्यक अधिकार है, ताकि नागरिकों को शासन के बारे में अच्छी तरह से सूचित और शिक्षित किया जा सके, यह अभद्र भाषा में नहीं बदल सकता।



### अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रता के खिलाफ मामला

यह मामला उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मंत्री आजम खान द्वारा सामूहिक बलात्कार पीड़ितों के बारे में दिए गए एक बयान से शुरू हुआ है। अदालत उस व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसकी पत्नी और बेटी के साथ जुलाई 2016 में बुलंदशहर के पास एक राजमार्ग पर कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया गया था और इस मामले को दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। याचिका में खान के खिलाफ उनके विवादास्पद बयान के संबंध में मामला दर्ज करने की भी मांग की गई है कि सामूहिक बलात्कार का मामला एक राजनीतिक साजिश थी।

# अडाणी–अंबानी ने देश के सारे नेताओं को खरीद लिया लेकिन मेरे भाई को नहीं खरीद पाए, राहुल पर बोलीं प्रियंका

9 दिनों के बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आज शुरू हुई है। राहुल गांधी की यह भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश पहुंची है। आज इस यात्रा में प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं। इस दौरान प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी की खूब सराहना की। साथ ही साथ यह भी कहा कि भाई आप पर गर्व है। इस दौरान प्रियंका गांधी बेहद खुश नजर आ रही थीं। प्रियंका ने दावा किया कि सत्ता का पूरा जोर लगाया गया, सरकार ने राहुल गांधी की छवि को खराब करने के लिए हजारों करोड़ खर्च किए, लेकिन वह सच्चाई से कभी पीछे नहीं हटे। इनके पीछे एजेंसियां लगाई गई, लेकिन ये डरे नहीं। यह पूरी तरीके से योद्धा हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं का भारी हुजूम था। कार्यकर्ता जबरदस्त तरीके से नारेबाजी कर रहे थे। प्रियंका ने कहा कि राहुल गांधी की छवि को खराब करने के लिए सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए, लेकिन ये सच्चाई से पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि अदानी जी और अंबानी जी ने देश के सारे नेताओं को खरीद लिया लेकिन मेरे भाई को नहीं खरीद पाए और ना कभी खरीद पाएंगे। आपको बता दें कि दिल्ली से उत्तर प्रदेश के लिए यह यात्रा सुबह करीब 10 बजे दिल्ली के कश्मीरी गेट के निकट जमुना बाजार से रवाना हुई थी और दोपहर को उत्तर प्रदेश के लोनी (गाजियाबाद) पहुंची जहां से यह देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य में दाखिल हुई। उत्तर प्रदेश पहुंचने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने राहुल गांधी और अन्य 'भारत यात्रियों' का स्वागत किया। गौरतलब है कि भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत 7 सितंबर को कन्याकुमारी से आरंभ हुई थी। यह यात्रा 24 दिसंबर को दिल्ली पहुंची थी। तमिलनाडु से शुरू होने के बाद यह यात्रा केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, होते हुए दिल्ली पहुंची थी। इसके बाद भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश के रास्ते हरियाणा, पंजाब होते हुए जम्मू–कश्मीर पहुंचेगी। 3 जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में प्रवेश कर जाएगी। 10 जनवरी तक हरियाणा में रहने के बाद 11 को पंजाब में प्रवेश करेगी।




# शिक्षकों के समयबद्ध चयन के लिए सरकार गंभीर:मुख्यमंत्री

## उत्तर प्रदेश में एक ही आयोग से होगा बेसिक, माध्यमिक, उच्च और तकनीकी कॉलेजों में शिक्षकों का चयन

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश में शैक्षिक संस्थानों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए एकीकृत आयोग के रूप में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।विगत पांच–साढ़े पांच वर्ष की अवधि में प्रदेश में संचालित विभिन्न चयन आयोगों की कार्यप्रणाली में शासन स्तर से अनावश्यक हस्तक्षेप न होने से आयोगों की कार्यप्रणाली में शुचिता और पारदर्शिता आई है। मेरिट के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन हो रहा है। प्रदेश में आये इस बदलाव का सीधा लाभ युवाओं को मिल रहा है।प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक, उच्च और तकनीकी शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग–अलग प्राधिकारी, बोर्ड व आयोग संचालित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी चयन की व्यवस्था लागू है। नीतिगत सुधारों के क्रम में भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षक चयन आयोगों को एकीकृत स्वरूप दिया जाना उचित होगा। शिक्षक चयन अयोगों को एकीकृत स्वरूप देते हुए निगमित निकाय के रूप में श्उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन किया जाना चाहिए। शिक्षकों के समयबद्ध चयन, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में आयोग उपयोगी सिद्ध होगा।उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग को एक स्वायत्तशाषी निगमित निकाय का स्वरूप दिया जाना चाहिए। आयोग द्वारा बेसिक, माध्यमिक अथवा उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बंध में मार्गदर्शी सिद्धांत किया जाएगा। अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में चयन परीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को संस्तुति की जाएगी। उक्त बिंदुओं के अनुरूप नए आयोग के स्वरूप, अध्यक्ष व सदस्यों की अर्हता, आयोग की शक्तियों और कार्यों के संबंध में रूपरेखा तय करते हुए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए।



# श्रीनगर में सीआरपीएफ ने किया जश्न–ए–चिल्लई–कलां का आयोजन, बड़ी संख्या में युवाओं ने लिया भाग

श्रीनगर। सीआरपीएफ की ओर से कश्मीरी युवाओं के लिए जश्न–ए–चिल्लई कलां कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत वाद– विवाद, पेंटिंग और गायन प्रतियोगिताएं कराई गयीं। सीआरपीएफ के इस आयोजन में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में कश्मीरी युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया। कार्यक्रम के दौरान कश्मीरी युवाओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्साह से भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और हुनर से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सीआरपीएफ के अधिकारियों और वहां उपस्थित शिक्षकों तथा स्थानीय लोगों ने भी युवाओं का उत्साह वर्धन किया।






# नीतीश कुमार का पलटवार, देश के लिए काम नहीं करती भाजपा, इसीलिए हमारी पार्टी ने उनसे तोड़ा गठबंधन

पटना। बिहार में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की महागठबंधन पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने भाजपा से गठबंधन तोड़ कर जनादेश का अपमान किया है। वक्त आने पर प्रजातांत्रिक तरीके से इसका जवाब दिया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष के इसी बयान पर नीतीश कुमार ने पलटवार किया है। नीतीश कुमार ने साफ तौर पर भाजपा पर खुद के लिए काम करने का आरोप लगाया। अपने बयान में नीतीश कुमार ने कहा कि सभी दलों को यात्रा करने का अधिकार है, वे (बीजेपी) देश के लिए काम नहीं करते हैं, वे अपने लिए काम करते हैं और इसीलिए हमारी पार्टी ने उनसे गठबंधन तोड़ा। दूसरी ओर बिहार दौरे पर गए जेपी नड्डा ने कहा कि आज हजारों करोड़ रुपये के पुल बिहार में बन रहे हैं... ये बिहार की तस्वीर और तकदीर, दोनों को बदल डालेंगे। ये सब काम शुरू हुए मोदी जी के नेतृत्व में... लेकिन अब एक समस्या है, हम ऊपर से तो लक्ष्मी भेज देंगे लेकिन अगर नीचे जंगलराज हो तो काम नहीं हो पाता। विकास थम जाता है। नड्डा ने नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने जो फैसला लिया वो उनको मुबारक, लेकिन उन्होंने बिहार की जनता को धोखा दिया है, जनादेश का अनादर किया है। उनको प्रजातांत्रिक तरीके से इसका जवाब दिया जाएगा। हम कुर्सी पर बैठने के लिए नहीं, बिहार का विकास करने के लिए सत्ता में थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ा रहे थे कि देश का प्रधानमंत्री लाल किले से शौचालय की बात कर रहा है। कांग्रेसी इसलिए मजाक उड़ा रहे थे क्योंकि उन्होंने गरीबी देखी ही नहीं थी। आज 12 करोड़ बहनों को इज्जत घर नरेंद्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में मैंने आगाह किया था तेजस्वी की सरकार आ जाएगी तो जंगलराज आ जाएगा। आज मैं कह सकता हूँ कि बिहार में जंगलराज आ चुका है। अगस्त महीने में ही कितनी हत्याएं हुई। लोग बंधक बनाए गए, महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ गए हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुका है।



# सेनानी उमेश चंद्र पाण्डेय की 11वीं पुण्यतिथि पर अधिवक्ताओं ने किया नमन

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की बदहाल आर्थिक स्थिति पर सरकार दे ध्यानः मनीष पांडेय

अयोध्या। जनपद के प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उमेश चंद्र पांडे की 11 वीं पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशजो तथा अधिवक्ताओं द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान की गई इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद के सचिव मनोज मल्होत्रा ने कहा कि उमेश चंद्र पांडेय जी ने सन 1942 के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई ,लगभग डेढ़ वर्ष कारागार मे थी रहे , कानपुर में मजदूरों ट्रेड यूनियन के लीडर भी रहे पांडेय जी एक कुशल संगठन करता है के रूप में उनकी पहचान थी,अधिवक्ता केशव बिगुलर ने कहा कि उमेश चंद्र पांडेय जी जैसा त्याग कोई नहीं कर सकता उनका बलिदान अविस्मरणीय रहेगा हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि राष्ट्र के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके वंशजों की उपेक्षा मन को आहत करती हैं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों की बदहाल और आर्थिक स्थिति को सुधारने एवं उन्हें बुनियादी सुविधा प्रदान करें हेतु सरकार को गंभीर प्रयास करने चाहिए भाजपा नेता अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने कहा कि श्रद्धेय उमेश चंद्र पांडेय जी द्वारा आजादी के आंदोलन में महती भूमिका निभाई गई ,आज उनकी वजह से ही हम चयन का जीवन व्यतीत कर रहे हैं, ब्रिटिश हुक्मरानों से लोहा लेते हुए कदम कदम पर संघर्षों का सामना किया श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से अधिवक्ता दयाराम यादव, अधिवक्ता संतोष मिश्र, अधिवक्ता मनोज मल्होत्रा, अधिवक्ता मनीष पांडेय, अधिवक्ता राजीव राजीव शुक्ला, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गन्ना मूल्य घोषित न होने से किसानों में आक्रोश

## रालोद ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शीघ्र गन्ना मूल्य घोषित करने की किया मांग

अयोध्या। गन्ना पेराई सत्र 2022 23 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक गन्ना मूल्य न घोषित करने पर रालोद ने आक्रोश व्यक्त करते हुए किसान संदेश अभियान की शुरूआत किया आज मसौधा ब्लाक के लीलापुर गांव में कई गांव से आए दर्जनों किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर शीघ्र गन्ना लाभकारी मूल्य घोषितकिए जाने की मांग किया है।

राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल गन्ना किसानों के साथ है 15 दिसंबर 2022 को ही राष्ट्रीय लोकदल अयोध्या ने गन्ना मूल्य घोषित कराने की मांग किया था परंतु अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना का लाभकारी मूल्य नहीं घोषित किया गया राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने गन्ना किसानों की समस्या को लेकर किसान संदेश अभियान की शुरुआत की है जिसके तहत पूरे प्रदेश में एक लाख किसानों से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के नाम डाक विभाग व अधिकारियों के माध्यम से किसानों का पत्र भेजना है राष्ट्रीय लोकदल 3 जनवरी 2023 को जिला अधिकारी अयोध्या से मिलकर सैंकड़ों किसानों का मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र ज्ञापन में संलग्न कर दिया जाएगा ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पिछले चुनावी वर्ष 2021 के समय 26 सितंबर को ही गन्ना मूल्य घोषित कर दिया गया था परंतु इस वर्ष का गन्ना मूल्य अभी तक नहीं घोषित किया गया है जिसको लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है जनपद में कम से कम 2000 गन्ना किसानों को पत्र भेजे जाने का लक्ष्य रखा गया है इस मौके पर मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र लिखने वालों में सूर्यनाथ वर्मा, अजय वर्मा, प्रदीप वर्मा, बाबू राम साहू, साहब बक्श सिंह, संतराम, हरिश्चंद्र वर्मा, राजेंद्र कुमार वर्मा, सियाराम, राम बहादुर वर्मा, रामकरन , इंद्रपाल ,संजय पटेल ,राम अवतार ,रामकिशन, अजय वर्मा ,जगदीश प्रसाद, जगन्नाथ पटेल, ओम प्रकाश पटेल, मनीराम कोरी, देवी शरण वर्मा, विश्वनाथ पटेल शामिल रहे।

# गृहमंत्री अमित शाह के संभावित जनसभा को लेकर स्थल का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर,बलरामपुर।देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के आगामी 16 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम व जनसभा को



लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह,जिला महामंत्री वरूण सिंह,डीपी सिंह बैस,डॉ अजय सिंह पिंकू,अवधेश तिवारी,संदीप उपाध्याय,अंशुमान शुक्ला,नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता व नगर कोतवाली एसओ द्वारा गृहमंत्री के जनसभा स्थल व पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह का एक दिवसीय दौरा 16 जनवरी को संभावित है ।

# पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक हक दिलाने के लिए आप करेगी आंदोलन

## प्रदेश प्रभारी सभाजीत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

अयोध्या। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओ ने नगर निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग के लोगों को आरक्षण देने की मांग को लेकर शहर के तिकोनिया पार्क में धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह को ज्ञापन देकर नगर निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण देने की मांग की। आम आदमी पार्टी नगर निकाय चुनाव समिति के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जानबूझकर गलत सर्वे कराए गए जिस कारण मा. उच्च न्यायालय ने सरकार के सर्वे और आरक्षण देने को खारिज कर दिया । श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़े वर्ग के लोगों को नगर निकाय चुनाव में एक साजिश के तहत आरक्षण से वंचित करना चाहती है । आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति की अगुवाई में सदर तहसील के सामने तिकुनिया पार्क में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने'आरक्षण बचाओ – लोकतंत्र बचाओ' आंदोलन के प्रदर्शन कर राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा गया। निकाय चुनाव समिति के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पिछड़ों को उनका संवैधानिक हक दिलाने के लिए यह आंदोलन किया. भारतीय जनता पार्टी अपनी मानसिकता से विचारधारा से और अपने कर्मों से पिछड़ों, दलितों और शोषितों की विरोधी है। नगर निकाय के चुनाव पर आए हाईकोर्ट के फैसले से फिर एक बार साबित हो गया है कि, भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों के खिलाफ हैं, पिछड़ों के आरक्षण के खिलाफ हैं और पिछड़ों को उनका हक देने के खिलाफ है। आदित्यनाथ की सरकार ने ऐसा गड़बड़ आरक्षण किया, जिसको हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कह दिया कि अगर सही प्रक्रिया से आरक्षण लागू किया जाएगा तो आरक्षण के साथ चुनाव होगा, लेकिन अगर सही प्रक्रिया किये बिना आरक्षण किया गया तो बिना आरक्षण के नगर निकाय के चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि इस नगर निकाय चुनाव में भाजपा सरकार ने जानबूझकर सर्वे में गड़बड़ी कराई। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति ने कहा कि अगर सरकार ने सही तरीके से सर्वे करके नगर निकाय चुनाव में आरक्षण को लागू नही किया तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी चरणबद्ध तरीके से बड़े स्तर का आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से सुनील कुमार मौर्या नदीम रजा,मोहित महराज, किशन लाल यादव, राधिका प्रसाद पांडे मनोज मिश्रा मोहम्मद इसराइल शारजाह मास्टर यूके द्विवेदी विकास सत्यम नीलेश चतुर्वेदी दिलीप बर्मा राजीव पाठक मोहम्मद इकबाल मोहम्मद हफीज निसार अहमद संतोष कोरी गायत्री मिश्रा हर्षवर्धन कोरी मोहम्मद आदिल विवेक वर्मा रेनू यादव प्रहलाद शर्मा सूर्यपाल सियाराम भारती मोहम्मद मेहंदी शशी किरण मोहम्मद शकील राजकुमार गुप्ता स्वर्णिम वर्मा एमपी सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# पूरे मामले में पुलिस ने छह अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

पचपेड़वा,बलरामपुर। यह जानकारी देते पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि खंभे में बांधकर युवक को मारने का



वीडियो वायरल हुआ था। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय थाने पर मुकदमा पंजीकृत कर छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिसमे संजय यादव पुत्र रामललित, सरोज पुत्र केशव राम प्रजापति, छिस्सन पुत्र बुद्धराम, दिनेश उर्फ बरखू पुत्र केशवराम, अ०अजीज उर्फ जंगली महतो पुत्र जमादार व कमलेश कुमार गुप्ता पुत्र जोखू लाल गुप्ता निवासी गण ग्राम बड़गौ थाना पचपेड़वा शामिल है।

# अल्पसंख्यक विभाग के बाबू पर लगा आरोप, जीपीएफ एवं पेंशन में भ्रष्टाचार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।पूर्व विधायक अशफाक अहमद ने मदरसे में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर जिलाधिकारी व प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को पत्र लिखा है उन्होंने लिखे पत्र में जामिया अहले सुन्नत फखरूल उलूम,गोविन्द बाग बलरामपुर की प्रबंध समिति पंजीकृत नहीं है जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अधिकारी द्वारा कूटरचित तरीके से मदरसे में लाखों रूपये लेकर नियुक्ति की गई और करोड़ों रूपये का हेर फेर किया गया । मदरसा गौसिया के प्रबंधक ने अपनी पत्नी को बलरामपुर नगर के जालिया अहले सुन्नत फखरूल उलूम में और यहाँ के प्रबंधक ने अपने बेटे को उतरौला नगर के अनुदानित मदरसे मे नियुक्ति कराकर लाखों रुपए का हेर फेर किया दोनों नौकरी करने नहीं जाते पर विभाग की मदद से पूरा वेतन लेते हैं पूर्व विधायक ने जिलाधिकारी और प्रभारी मंत्री से उक्त प्रकरण पर कार्यवाही करने की मांग की उन्होंने कहा कि इसमें अधिकारियों द्वारा भाजपा सरकार को बदनाम किया जा रहा है अतः कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये।पूर्व में काफी अध्यापकों द्वारा शिकायतें रहे हैं कि अल्पसंख्यक विभाग के बाबू सुशील कुमार अध्यापकों का वेतन अनियमित तरीके से प्रबंधकों से सांठगांठ कर उनके फर्जी आरोप पत्र को वैध मानकर बिना न्यायिक जांच अवरुद्ध कर दिया जाता है और फिर बाद में धन उगाही करने की प्रक्रिया पर जोर दिया जाता है शिकायतों पर जनसुनवाई पोर्टल पर भी इनके द्वारा फर्जी रिपोर्ट की आख्या प्रेषित की जाती है। विभाग के बाबू सुशील कुमार आदि द्वारा पेंशन और जीपीएफ को लेकर लाखो घूस मांगने एवं अध्यापकों प्रबंधकों से अवैध वसूली प्रकरण तथा रिवाल्वर की धौस आदि की जांच कर कार्यवाही की मांग करते हुए नियम विरूध पांच छरू वर्ष से एक ही पटल पर तैनात है बदलने की मांग जिला मीडिया प्रभारी भी जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कर चुके है।

# घर में घुसकर महिला से छेड़खानी करने पर युवक को दी तालिबानी सजा

## पुलिस ने 4 नामजद सहित 14 लोगों के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिले में घर में घुसकर महिला से छेड़खानी करने वाले युवक को ग्रामीणों ने तालेबानी सजा दी है। बिजली के खंभे में बांधकर आरोपी युवक की बेरहमी से पिटाई की गई। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने 4 नामित और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवक की पिटाई करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। मामला पचपेड़वा थाना क्षेत्र के बड़गौ गांव का है। गांव का ही रहने वाला युवक सोनू गुप्ता सोमवार की रात गांव में ही रहने वाली एक महिला के घर में घुस गया और उससे छेड़खानी करने लगा। महिला का पति रोजी रोजगार के सिलसिले में बाहर रहता है। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने युवक सोनू गुप्ता को पकड़ लिया और बिजली के खंभे में बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। खंभे में बांधकर सोनू गुप्ता को लाठियों से पीटा जाता रहा। इस घटना का वीडियो वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस ने सोनू गुप्ता की पिटाई के आरोपी चार नामजद तथा 10 अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और मुख्य आरोपी रामस्वरूप को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी का कहना है कि ग्रामीणों ने युवक की पिटाई तब की जब वह अपनी महिला मित्र से मिलने के लिए गया हुआ था। लेकिन पीड़ित महिला ने बताया कि युवक सोनू गुप्ता रात में उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी कर रहा था। बहरहाल पुलिस ने एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और विधिक कार्यवाही करने में जुट गई है।

# एसबीआई में लाखों के सोने के जेवर चोरी मामलाः आरोपितों तक पहुंचने में नाकाम रही पुलिस

कानपुर। भारतीय स्टेट बैंक की भौती शाखा के स्ट्रांग रूम से लाखों के सोने के जेवर चोरी होने की घटना का भले ही पर्दाफाश न हुआ हो लेकिन, पुलिस जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि बैंक में सुरक्षा मानक ताक पर रखे हुए थे। सीसीटीवी कैमरे का नियंत्रण कक्ष सुरक्षित नहीं था। कोई व्यक्ति नियंत्रण कक्ष में जाकर डीवीआर से 13 दिसंबर से पहले का सारा डाटा डिलीट कर गया और बैंक को पता ही नहीं चला। स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे का कनेक्शन नियंत्रण कक्ष में स्थित डीवीआर से नहीं था।

पुलिस अधिकारी बैंक में सुरक्षा को लेकर एक रिपोर्ट बना रहे हैं, जोकि बैंक प्रबंधन को सौंपी जाएगी। हालांकि, इस प्रकरण में बैंक प्रबंधन भी अलग से जांच करा रहा है। बैंक के स्ट्रांग रूम से 90 लाख रुपये कीमत के 1.812 किलो ग्राम सोने के जेवरात चोरी होने के मामले में पुलिस अब तक सूचनाओं के अलावा आरोपितों तक पहुंचने में नाकाम रही है।

चोर भौंती स्थित भारतीय स्टेट बैंक के बगल में पड़े खाली प्लाट में खड़ी झाड़ियों के बीच तीन मीटर गहरी 10 फीट लंबी सुरंग बनाकर बैंक के स्ट्रांग रूम में दाखिल हुए। इसके बाद उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम के लॉकर को तोड़कर 90 लाख रुपये कीमत के 1.812 किलो ग्राम सोने के जेवरात साफ कर दिए। जब शुक्रवार सुबह मैनेजर नीरज राय बैंक पहुंचे तो उन्होंने घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी।

# अधेड़ की हत्या कर शव खेत में फेंका,सिर समेत शरीर पर मिले चोट के कई निशान

## एसीपी,थाना प्रभारी ने मौके पर की जांच पड़ताल, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

कानपुर। घाटमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुगल रोड पर स्थित एक धर्म कांटे के पास रोड किनारे लाही के खेत में दोपहर एक अधेड़ का शव पड़ा देखा तो आसपास लोगों ने खेत मालिक को जानकारी दी। खेत मालिक ने पुलिस को उसके खेत में शव पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस टीम की जांच पड़ताल में जुटी है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र राहा गांव निवासी शमशेर गुप्ता ने बताया कि उनके खेत भोगनीपुर–चौडगरा मार्ग पर महावीर धर्म कांटा के पास हाइवे के किनारे स्थित है। खेत में लाही की फसल खड़ी है। दोपहर एक युवक का शव रक्त रंजित हालत में उनके खेत में पड़ा होने की सूचना मिली तो उन्होंने घाटमपुर पुलिस को घटना की सूचना दी।

जानकारी मिलते मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस टीम की जानकारी जुटाई है। युवक के शव की शिनाख्त घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी वीरेंद्र सिंह (55) के रूप में हुई है।

भतीजे सुमित ने बताया कि उनके चाची की मौत कई वर्ष पहले हो गई थी, घर पर चाचा वीरेंद्र अपनी बेटी के साथ रहते थे, सुबह वह घर से भैंस का दूध लेकर घाटमपुर नगर में देने के लिए निकले थे। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे तो उन्होंने काफी खोजबीन की। उन्हें खेत में शव पड़ा होने के साथ दूध के डिब्बे पड़ा मिलने की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे और अपने चाचा वीरेंद्र की पहचान कर उन्होंने हत्या कर शव खेत में फेंके जाने का आरोप लगाया है। पुलिस को युवक के गले में निशान समेत चोट के निशान मिले है। मामले में घाटमपुर थाना प्रभारी रामबाबू ने बताया कि युवक की हत्या गला दबाकर की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

डॉग स्क्वायड की टीम खेत से हाईवे की ओर जाकर रुकी घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने यहां पर घटनास्थल का निरीक्षण किया है। साथ ही घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए है, यहां पर पहुंचे डॉग स्क्वायड की टीम ने घटनास्थल पर जायजा लिया पर डॉग खेत से हाईवे की ओर जाकर रुक गया। इससे पुलिस अनुमान लगा रही है। की हाईवे की ओर से युवक के हत्यारे आए होंगे।

इस मामले में घाटमपुर एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# आवास बनवाने के लिये लेखपाल का हर संभव प्रयास जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। तहसील रामनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बतनेरा से



जहां जिला अधिकारी अविनाश कुमार के आदेशानुसार बंधा के अन्दर रहने वाले लोगों को बंधा के बाहर ग्राम सभा की जगह में बाढ़ से बचाने के लिए सुरक्षित स्थान पर घर बनाने के लिए हर गरीब व्यक्ति को कच्चा 3 बिस्वा देने का आदेश किया गया जिसके आदेशानुसार अपनी जिम्मेदारी को देखते हुए रामनगर के लेखपाल सुमित सिंह अपने एरिया में इस कड़ाके की ठंडी में भी कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के लिए जूटे हुए है।जिस पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नेम कुमार व गांव के सम्मानित व्यक्ति जिला अधिकारी तहसील प्रशासन एवं लेखपाल सुमित सिंह की प्रशंसा करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना कर रहे इस अवसर पर ग्राम प्रधान हरक्का राम किशोर, ग्राम प्रधान अकौना राम अवध, सुंदर नगर निवासी श्यामू पांडे सहित सैकड़ों संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# उच्च शिक्षा प्रसार अभियान का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। थारू जनजाति के युवाओं को कौशल आधारित उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ द्वारा उच्च शिक्षा प्रसार अभियान का शुभारंभ थारु विकास केंद्र पचपेड़वा बलरामपुर में शुरू किया गया स यह अभियान एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया स कार्यक्रम में उपस्थित इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह ने कहा, इग्नू जिससे जन–जन के विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता है शिक्षा से वंचित समूहों को शिक्षा प्रदान कर उन्हें विकास की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु प्रयासरत है स इसी प्रयास को मूर्त रूप देते हुए थारू जनजाति के युवाओं के लिए इस विशेष अभियान को चलाया गया है, जिसके माध्यम से उन्हें विभिन्न कौशल परख पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा जिससे उनको प्रशिक्षित किया जा सके। प्रताप पांडे, प्रधानाचार्य, महाराणा प्रताप ग्रामोदय इंटर कॉलेज ने इग्नू द्वारा संचालित इस अभियान की प्रशंसा की एवं थारू जनजाति के युवाओं को इससे लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।डॉ जयप्रकाश बर्मा, सहायक आचार्य, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, लखनऊ इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवं थारू जनजाति के युवाओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार स्कीमों के विषय में अवगत कराया।एम.एल.के.पीजी कॉलेज बलरामपुर के प्राचार्य डॉ .जे.पी पांडे ने युवाओं से ऑनलाइन माध्यम द्वारा संवाद स्थापित किया एवं अध्ययन केंद्र द्वारा हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया स इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ आलोक शुक्ला ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

# पुलिस ने दिया जनपद वासियों को नव वर्ष–2023 की सौगात

## 65 अदद मोबाईल फोन बरामद,जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 08 लाख 50 हजार रुपये





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मंगलवार को पुलिस ने जनपद वासियों को नव वर्ष–2023 की सौगात देते हुये उनके गायब मोबाइलो को उन्हे वापस कर दिया। आप को बता दे की सर्विलांस सेल ने विभिन्न स्थानों से कुल–65 अदद गिरेध्खोये मल्टीमिडिया मोबाइल सेट(कीमत लगभग 8.5 लाख) बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया वितरित, अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगों के खिल उठे चेहरे, लोगो ने सिद्धार्थनगर पुलिस का किया हृदय से आभार व्यक्त किया।पुलिस के मुताबिक वर्तमान में जनपद में विभिन्न स्थानों पर गुम हुये मोबाईल फोन की सूचना पुलिस कार्यालय को उपलब्ध करायी जा रही थी, जिसकी बरामदगी के लिये पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने सर्विलांस टीम को निर्देशित किया था। आदेश के अनुपालन में सर्विलांस टीम द्वारा अथक प्रयास के माध्यम से 65 अदद मोबाईल फोन बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 08 लाख 50 हजार रुपये है। पुलिस लाइन्स में अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बरामद मोबाईल फोन को सम्बन्धित मोबाईल धारकों को सौंपा गया। इस सफलता पर मोबाईल धारकों द्वारा जनपदीय पुलिस की भूरि–भूरि प्रशंसा की जा रही है। मोबाईल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हे विश्वास नही था, कि उन्हे अपना खोया हुआ मोबाईल वापस मिल पायेगा। मोबाईल धारकों को सचेत किया गया कि अपने मोबाईल फोन की सुरक्षा जिम्मेदारी से करें। इससे पूर्व में सर्विलांस सेल सिद्धार्थनगर द्वारा वर्ष 2022 में कुल 346 गुमशुदा मोबाईल बरामद कर मोबाईल धारकों को सौपा गया। सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में उ0 नि0 शेषनाथ यादव प्रभारी सर्विलास सेल, मु0 आरक्षी देवेश यादव, मु0 आरक्षी विवेक कुमार मिश्रा, आरक्षी अभिनन्दन सिंह रहें।मोबाइल पाने वाले में दिलीप गुप्ता, देवान्श पाण्डेय, सुरेश, अब्दुल करीम, प्रदीप पाण्डेय, विपेन्द्र निषाद, नेवास अली, राहुल, सुरेश अग्रहरि,इन्द्रमणि यादव,रजनीश पाण्डेय ,सूरज कुमार ,नरेन्द्र यादव ,कमलेश,आलोक कुमार ,राजमन ,अजीत कुमार ,माधव मिश्रा,विनय कुमार,शैलेन्द्र गौतम ,का0 अर्जुन कुमार यादव ,रोहित कुमार यादव ,तौलन ,सुजीत कुमार ,मेघना चौधरी ,रागनी दुबे ,प्रमोद कुमार ,सफीउर्ररमान ,का0 आशुतोष कुमार ,का0 उदय साहनी,अखिलेश यादव ,नीरज चौधरी ,साहिद अहमद ,आशीष ,सूरज ,निषार अहमद चौधरी ,विश्राम ,तरुन पांडेय ,शिव नाथ ,रामजियावन ,राजकुमार ,सोनू ,नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ,गिरजेश श्रीवास्तव ,रामप्रकाश निधि शर्मा ,प्रिन्स कुमार श्रीवास्तव ,दिलीप यादव ,रतनेश ,विजय प्रसाद ,मो0 आरिफ ,रवि कुमार ,लालजी ,सद्दाम हुसैन ,धनन्जय पाण्डेय ,राजमती ,राधेश्याम ,अब्दुल सलाम ,फुलचन्द्र ,रामभेजू यादव ,सुरेश ,अनुभव श्रीवास्तव ,प्रदीप कुमार ,सोनू मिश्रा।

## वारंटियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा न्यायालय

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी।थाना शिवनगर डिंडई पुलिस ने न्यायालय में हाजिर न होने वाले वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय भेज दिया।थाने से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार थाना क्षेत्र के कंडसरा निवासी भल्लू पुत्र महेश्वरी तथा श्रीपति पुत्र रामानुज जो काफी दिनों से फरार चल रहे थे! दोनों विशेष फौजदारी संख्या 14ध्18 धारा 323, 504, 506, आईपीसी व 3(1)10 एससी एसटी एक्ट से सम्बंधित वारंटी थे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस टीम में रमेश कुमार साहनी,राजकिशोर यादव तथा कां0 जितेंद्र राजभर शामिल रह।

## तेज रफ्तार टेम्पो पलटने से सवार सात यात्री घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी।एन एच 233 पर फजिहतवा नाले के पास मंगलवार की शाम तीन बजे टेम्पो पलटने से उस पर सवार सात यात्री घायल हो गये है। सभी घायल जिला अस्पताल से मरीज देख कर बांसी की तरफ टेम्पो से लौट रहे थे। फजिहतवा नाले के पास मोटरसाइकिल को बचाते समय अन्यंत्रित होकर टेम्पो पलट गया। जिस टेम्पो मे सवार कुमारी 45 पत्नी शम्भू ,मान्ती 50 पत्नी सल्लू,सिरपाती 55 पत्नी फेंकू सहानी, दुर्गावती 50 पत्नी बनवारी,गिरजा 52 पत्नी बबलू निवासी सोनखर थाना बांसी और राधीका 23 पत्नी मुरली थाना हरिहर पुर सन्त कबीरनगर, चंद्र शेखर यादव 58 पुत्र जगराम यादव निवासी दुभरा थाना शिवनगर डिड़ई है। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान सोनखर कृष्ण मुरारी यादव ने सभी घायलों को अपने निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी पहुचाया जहां घायलों का इलाज हुआ ।

## बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर होगी कार्यवाही–जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मंगलवार को जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा



समिति की बैठक में संबधित को यातायात नियमों की जानकारी जनता को दिये जाने के सम्बन्ध में कैम्प लगाकर दिये जाने का निर्देश दिया गया। बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। सभी वाहनों पर रेडियम जरूर लगवा दे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यतः सड़क दुर्घटना लापरवाही के कारण होती है। ओवर लोडिंग गाड़ियों नही चलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सड़को पर सफेद पट्टी और स्पीड ब्रेकर पर भी सफेद पट्टी लगवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्यक लगाये, तीन सवारी न चले, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। जनपद में अधिक दुर्घटना वाले स्थलो को चिन्हित कर वहां पर संकेत बोर्ड आदि लगवाने का निर्देश दिया गया। सड़क के किनारेध् ढाबो के किनारे भारी वाहन खड़ी न करे। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूलो में यातायात के संबध में जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित कराये तथा पोस्टर एवं पम्पलेट के माध्यम से प्रचार–प्रसार कराये। जिलाधिकारी ने सड़को के डिवाइडर को पेन्ट कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अधिशासी अभिन्ता लो0नि0वि0(प्र0ख0) वी0के0गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता एन.एच. इन्डो नेपाल बार्डर, आर0ई0डी0 तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थिति रही।

## सोनौली थाने में मनाया गया नूतन वर्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज,सोनौली। थाना परिसर में पुलिस कर्मियों ने बड़े ही




उत्साह के साथ आज नव वर्ष की शुभकामनाओं का आदान प्रदान तथा नूतन वर्ष 2023 की स्वागत के साथ इस पावन मौके पर एक भोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया।बता दें कि पुलिस क्षेत्राधिकारी महाराजगंज आभा सिंह नूतन वर्ष शुभकामना आदान–प्रदान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही। सोनौली थाने पर पहुंचकर थाने के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों एवं 112 के पुलिस कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक महाराजगंज द्वारा दिए गए नव वर्ष पर प्रेषित शुभकामना संदेश को पढ़कर सुनाया गया तथा सबके साथ सूक्ष्म जलपान भी किया।नूतन वर्ष को यादगार बनाए रखने के लिए थाना परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा अनुज कुमार सिंह द्वारा पौधारोपण किया गया तथा क्षेत्र के चौकीदारों में ठंड को देखते हुए कंबल वितरित किया गया।इस अवसर पर दिव्य भोजन का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारीगण एक साथ बैठ कर भोजन किए।इसके पहले क्षेत्राधिकारी नौतनवा अनुज कुमार सिंह का प्रभारी कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।इस मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह, चौकी प्रभारी सोनौली मनीषा सिंह सहित थाने के समस्त पुलिसकर्मीगण मौजूद रहे।

## मकान के उपर से हो रही बिजली सप्लाई नीचे रहने को मजबूर हुए

सागर विश्वकर्मा/दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां,महराजगंज। ग्रामीणों ने विद्यूत सुन्दरीकरण योजना के तहत मकान के उपर से गुजर रहे बिजली के तारो को हटाने और नये पोल सहित तारो की लगवाने की मांग की आप को बता दे की नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगरनाथपुर टोला भरिया एव छोटी भरियां मे स्थित बने मकानों के उपर से घरेलु बिजली की सप्लाई विद्यूत विभाग के द्वारा दिया गया है। कही कही तो बांस बल्ली के सहारे गावो मे बिजली की आपूर्ति विभाग के द्वारा किया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान दिलीप यादव एव ग्रामीण विजय सुनीता सुनील शर्मा रामवचन नन्दलाल यादव किशून प्रमोद सहानी सत्य देव यादव किशोर राजेन्द्र यादव पल्टन सहानी रमेश सहानी सहित आदि लोगो ने अधिशासी अभियंता विद्यूत कार्यालय नौतनवा को एक पत्र भेज गावों मे हो रही बांस बल्ली के सहारे विद्यूत आपूर्ति और मकानो के उपर से गुजर रहे घरेलु बिजली के तारो को हटवाने और सडक किनारे बिजली के पोल लगवाकर गांव मे बिजली आपूर्ति करवाने की मांग किया है।

# खाते से फ्राड हुए धनराशि को साइबर सेल ने कराया वापस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। साइबर के प्रभारी सेल सुभाष यादव के नेतृत्व में साइबर सेल ने केशव कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामसमुझ लाल वास्तव संचालक सिद्दार्थ पैथॉलोजी एक्स रे एवं अल्ट्रासउन्ड सेन्टर उसका रोड थाना व जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए केशव कुमार श्रीवास्तव के खाते में फ्राड हुए समस्त धनराशि रूपये 2,30,000ध– वापस कराया।पुलिस ने बताया की केशव कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामसमुझ लाल वास्तव संचालक सिद्दार्थ पैथॉलोजी एक्स रे एवं अल्ट्रासउन्ड सेन्टर उसका रोड थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर स्वयं को आर्मी का कर्नल बताकर 50 जवानो का ब्लड टेस्ट कराने की बात कर फोन पे के माध्यम से कुल धनराशि रूपये 2,30,000ध – अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया गया । शिकायतकर्ता उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उनके साथ फ्राड हो गया है स उक्त की सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर तथा साइबर पुलिस पोर्टल 1930 पर दिया । शिकायत के आधार पर थाना सिद्धार्थनगर पर मुवअवसंव 194ध2022 धारा 420 में पंजीकृत कर विवेचना तत्कालीन निरीक्षक वीर बहादुर यादव द्वारा संपादित करते हुए, साइबर सेल टीम की मदद से कार्यवाही करते हुए केशव कुमार वास्तव के खाते में सम्पूर्ण धनराशि रूपये 2,30,000ध– वापस कराया गया एवं मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त जलालुद्दीन पुत्र इब्राहिम साकिन नई मुकत्यार पट्टी थाना बिछोह जनपद नूँह (मेवात) हरियाणा को वारंट बी द्वारा तलब कर मुकदमा उपरोक्त मे भी जेल भेजा गया।



विवेचक व साइबर टीम के सराहनीय कार्य के लिए केशव कुमार वास्तव द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी।

# विधायक ने किया अल्ट्रासाउंड मशीन व डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। क्षेत्रीय विधायक व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह ने खेसरहा स्थित स्वस्थ




केन्द्र पर लगाए गए अल्ट्रासाउंड मशीन व डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन फीता काट कर कर दिया! अस्पताल में बहुत पहले से आकर रखी गई अल्ट्रासाउंड मशीन व डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन हो जाने से क्षेत्रवासियों में बेहद खुशी है। मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ सास्वाकेन्द्र खेसरहा पहुंचे क्षेत्रीय विधायक श्री सिंह का बुके प्रदान कर स्वागत किया गया! जयप्रताप सिंह एवम् मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वी० के० अग्रवाल ने विधायक निधि से क्रय किये गए वित्त पोषित अल्ट्रासाउंड मशीन व डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन अल्ट्रासाउंड रुम का फीता काटकर किया गया। क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मशीनों का उद्घाटन होने से लोगों में बेहद खुशी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षक डा. सुजीत कुमार पाण्डेय द्वारा की गई। समारोह में रेडियोलाजिस्ट डा. लक्ष्मीशंकर सिंह, जिला कुष्ठ अधिकारी डा. शेषभान गौतम, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जुमराती अहमद, फर्माध् राजेन्द्र चौधरी, एक्सरे टेक्नीशियन गिरजाशंकर त्रिपाठी, त्त्। सुधांसु छडै उमाशंकर त्रिपाठी तथा समस्त ब्ब् स्टाफ व भाजपा मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा सहित लक्ष्मी प्रसाद मोदनवाल, कौशल किशोर मिश्रा, राम बेलास मिश्रा, नित्यानंद पाण्डेय, शिवम राजभर, अर्जुन यादव, हरिकेश राजभर, शिव सनेही गौड,संदीप पाण्डेय आदि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सीएचसी अधीक्षक ने कार्यक्रम की सफलता के लिए उपस्थित सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

## ई कवच को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की आयोजित हुई बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार,गोरखपुर।गोला तहसील क्षेत्र स्थित स्वास्थ्य केंद्र गगहा के अन्तर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र कौवाडील व समयथान भीटी



पर मंगलवार कोसीएचओ एएनएम के द्वारा ई कवच परिक्षण व विटामिन ए के अभियान के तहत आशा स्वास्थ्य कार्यकत्रीयो के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएचओ बवीता पासवान व ए एन एम अन्नपूर्णा चौरसिया ने कहा कि सभी आशा कार्यकत्री परिवार रजिस्टर से मिलान कर अपने मोबाइल में ई कवच सर्वे करें। साथ ही विटामिन ए की खुराक 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर रतौंधी व अन्य रोगो से बच्चों को बचाये।इस अवसर पर आशा कार्यकत्री कमलेश देवी निर्मला पासवान निर्मला तिवारी सुषमा दूबे कमलेश देवी विंदू देवी सरिता देवी कंचन देवी ज्योति शर्मा शैल कुमारी सहित आदि आशा कार्यकत्री मौजूद रही।

## सम्पादकीय

**तालिबान ने धमकी दी है कि अगर इस संगठनों ने ऐसा नहीं किया, तो उन्हें अफगानिस्तान में काम करने के लिए मिले लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने भी इन तालिबानी फैसलों की आलोचना की है। सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फहरान अल साउद और पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ...**

# तालिबान की क्रूरताएं



ये उम्मीद ध्वस्त हो गई है कि गुजरे दो दशकों में तालिबान ने कोई सीख ली है और इस बार उसका अपेक्षाकृत उदार चेहरा देखने को मिलेगा। फिलहाल दुनिया उसकी क्रूरताओं के आगे खुद को जैसे लाचार महसूस कर रही है। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार फिर से उसी रंग में आ गई है, जो उसने 1990 के दशक के आखिर में दिखाया था। इस तरह ये उम्मीद ध्वस्त हो गई है कि गुजरे दो दशकों में उसने कोई सीख ली है और इस बार उसका अपेक्षाकृत उदार चेहरा देखने को मिलेगा। तालिबानी शासन की क्रूरताओं का हाल यह है कि अब इस्लामी दुनिया भी उससे असहज महसूस करने लगी है। यूनिवर्सिटी में महिलाओं की पढ़ाई प्रतिबंधित करने के सवाल पर दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ–साथ इस्लामी देशों में भी उसकी कड़ी निंदा हुई है। इसी हफ्ते इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी ने इस कदम के हो रहे विरोध में अपना स्वर जोड़ा। ओआईसी के महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा ने कहा कि इस फैसले से न सिर्फ अफगान महिलाएं आजीविका के अवसरों से वंचित हो जाएंगी, बल्कि तालिबान के ताजा फैसले का असर अफगानिस्तान में चलने वाले अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता कार्यक्रमों पर भी पड़ेगा। गौरतलब है कि तालिबान ने अफगानिस्तान में कार्यरत सभी स्थानीय और विदशी गैर–सरकारी संगठनों को आदेश दिया था कि वे अपने सभी महिला कर्मचारियों का काम आना रोक दें। तालिबान ने धमकी दी है कि अगर इस संगठनों ने ऐसा नहीं किया, तो उन्हें अफगानिस्तान में काम करने के लिए मिले लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने भी इन तालिबानी फैसलों की आलोचना की है। सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फहरान अल साउद और पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की फोन पर हुई वार्ता के बाद जारी एक बयान में बताया गया कि दोनों देश ने महिलाओं के सभी अधिकारों और जीवन के हर क्षेत्र में उनकी समान भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जाहिर है, सऊदी अरब और पाकिस्तान उदार देश नहीं हैं। उनके यहां मजहबी आधार पर होने दमन की अपनी कहानियां चर्चित रही हैं। लेकिन अफगानिस्तान में हालात ऐसे हो गए हैं कि उसकी आलोचना करने के लिए वे भी मजबूर हुए हैं। तालिबान मुजरिमों को सार्वजनिक रूप से सजा देने और महिलाओं को स्कूली शिक्षा से वंचित करने के कदम पहले ही उठा चुका है।

# मायावती के रास्ते पर अखिलेश!

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कमाल की बात कही।



उन्होंने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का निमंत्रण नहीं मिलने की बात कही और अपने को उससे अलग किया लेकिन साथ ही कहा कि कांग्रेस भी भाजपा जैसी है। उन्होंने एक और दिलचस्प बात की कि समाजवादी पार्टी की अलग विचारधारा है। सोचें, नेताओं का ऐसा आत्मविश्वास होता है! बहरहाल, विचारधारा की बात छोड़ें, उस पर क्या चर्चा करनी है तब भी उन्होंने कांग्रेस को भाजपा जैसा बता कर कांग्रेस पर जो हमला किया वह बहुत हैरान करने वाला है। किसी ने उनसे पूछा नहीं कि कांग्रेस कब से भाजपा जैसी हुई है? जाहिर है 2017 के बाद ही हुई होगी क्योंकि 2017 में वह भाजपा जैसी नहीं थी तभी तो अखिलेश ने कांग्रेस से तालमेल किया था और श्यूपी के दो लड़केय भाजपा को रोकने निकले थे। बहरहाल, उन्होंने कांग्रेस पर जैसा हमला किया उससे यह सवाल उठा है कि क्या वे भी बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती के रास्ते पर जाएंगे? मायावती काफी समय से कांग्रेस को भाजपा जैसा बताती रही हैं। वे पिछले कुछ समय से किसी न किसी तरीके से भाजपा की मदद कर रही हैं। उनकी निष्क्रियता से उनका वोट भाजपा को ट्रांसफर हुआ है और पिछले चुनावों में उनके उम्मीदवारों ने भाजपा की मदद की। क्या वैसा ही कोई अज्ञात कारण है, जिसकी वजह से अखिलेश यादव विपक्षी एकता से दूरी बना रहे हैं और परोक्ष रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भाजपा चुनाव जीते? या यह कारण है कि उनको कांग्रेस की चिंता सता रही है या उनको लग रहा है कि कांग्रेस वापसी कर सकती है? कांग्रेस को भाजपा जैसा बता कर वे राज्य के अल्पसंख्यक वोटों का एकमात्र दावेदार अपनी पार्टी को बना रहे हैं। संभव है कि राहुल की यात्रा से कांग्रेस को फायदा होने की चिंता में उन्होंने कांग्रेस पर हमला किया हो।

# नया वर्ष-नया उत्साह

**अमरीका और यूरोपीय देशों के हालात यूं ही चरमराते रहे, तो विश्व एक और गहरा आर्थिक संकट झेलने को विवश होगा । इस पूरे परिदृश्य में भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण आंकी जा रही है, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री मोदी चौतरफा शांति और स्थिरता के प्रयास कर रहे हैं । दुनिया भारत के आग्रहों को सुनती भी है । 2023 में भारत एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप का ...**

अजय दीक्षित

नववर्ष 2023 प्रारम्भ हो गया है। नया साल नया सबेरा, नया उजाला, नई उम्मीदें, नए लक्ष्य और नई उपलब्धियां लेकर आया है, हम ऐसी मंगल कामना करते हैं। भारत और विश्व के सन्दर्भ में नए साल के कई महत्वपूर्ण मायने हैं। भारत इस पूरे साल के दौरान जी–20 देशों के समूह संगठन का आतिथ्य करेगा। भारत को गुजरते साल में जी– 20 की अध्यक्षता पहली बार सौंपी गई। नए साल में अमरीका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी से लेकर इण्डोनेशिया और ब्राजील तक विकसित और विकासशील देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन में एक ही मंच पर एकजुट होंगे । इन देशों के अधिकारी प्रतिनिधि विमर्श कर एजेण्डा तय करेंगे कि आने वाले समय में श्एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यश सूत्रवाक्य के सन्दर्भ में जी– 20 देशों की कितनी सार्थक भूमिका हो सकती है । विश्व शांति, अर्थव्यवस्था, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, खाद्य, ऊर्जा सरीखे विषयों पर एक साझा सोच बनाने के प्रयास किए जाएंगे। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि 85 फीसदी जीडीपी इन्हीं देशों की है, करीब 75 फीसदी कारोबार यही देश करते हैं और करीब 67 फीसदी आबादी इन्हीं देशों में बसती है। एक तरह से यही देश दुनिया हैं। भारत ऐसे सक्षम देशों के मंच की अध्यक्षता करेगा और बुनियादी एजेण्डा भी शेष सदस्य देशों के सामने प्रस्तुत करेगा, यह उपलब्धि और सम्मान सामान्य नहीं है। 2023 में भारत की जीडीपी 3 ट्रिलियन डॉलर को पार करने की स्थिति में होगी। भारत आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी क्रय– शक्ति वाला देश है और हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो पहले ही बन चुके हैं । नए साल में भारत करीब 143 करोड़ की आबादी वाला देश बनकर प्रथम स्थान पर होगा। चीन दूसरे स्थान पर पिछड़ जाएगा। इसे सकारात्मक और सर्वाधिक युवा कार्यबल वाले देश के तौर पर लें अथवा इतनी आबादी हमारे संसाधनों और भू– क्षेत्रफल पर भारी पड़ेगी, इस सवाल पर चिंतन जारी है, क्योंकि भारत की तुलना में जापान और चीन श्बूढ़े देशश हैं। युवा आबादी के कारण भारत दुनिया का सबसे बड़ा सक्रिय बाजार भी माना जाता है । हम अंतरिक्ष में नई उड़ानें भरेंगे और नई इबारतें भी लिखेंगे । मंगल और चन्द्रमा पर जाने के हमारे मिशन कितने कामयाब होंगे, यह सवाल भी हम समय और वैज्ञानिकों के प्रयासों पर छोड़ते हैं । वैज्ञानिक अपने प्रयोगों में रात–दिन जुटे हैं । एक त्रासद और वैश्विक मानवीय संकट के तौर पर रूस– यूक्रेन युद्ध का उल्लेख करना भी अनिवार्य है, क्योंकि 24 फरवरी, 2022 से लगातार जारी इस युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति चेन को झकझोर कर रख दिया है । हालांकि अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर को करीब 6.5 फीसदी आंकते हुए श्सर्वोच्चश करार दिया है, लेकिन इस युद्ध ने करोड़ों लोगों को शरणार्थी, पंगु बना दिया है । दुनिया में खाद्य और ऊर्जा के गहरे संकट हैं । यूक्रेन लगभग जर्जर, खंडहर और मलबा हो चुका है । वह नए सिरे से कैसे खड़ा होगा, यह बड़ा पेचीदा सवाल है। हालांकि अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने युद्धविराम के बयान देने शुरू कर दिये हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की बातचीत न श्करने पर अड़े हैं । न जाने उन्हें क्या हासिल दिखाई दे रहा है ? अमरीका और यूरोपीय देशों के हालात यूं ही चरमराते रहे, तो विश्व एक और गहरा आर्थिक संकट झेलने को विवश होगा । इस पूरे परिदृश्य में भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण आंकी जा रही है, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री मोदी चौतरफा शांति और स्थिरता के प्रयास कर रहे हैं ।




दुनिया भारत के आग्रहों को सुनती भी है । 2023 में भारत एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप का आयोजन भी कर रहा है और महिला क्रिकेट के विश्व कप में शिरकत करेगा । भारत एकदिनी क्रिकेट का दो बार विश्व चौम्पियन बन चुका है । बैडमिंटन का ऐतिहासिक श्थॉमस कप खिताब हम पहली बार जीत चुके हैं और हमारे आधा दर्जन से ज्यादा खिलाड़ी विश्व के सर्वोच्च 10 खिलाडियों की जमात में शामिल हुए हैं । भारत कितने स्तरों पर तरक्की करेगा, इसे एक सम्पादकीय में समेटना असंभव है, लेकिन अब भारत श्विकसित देशश बनने की ओर अग्रसर है। हालांकि आज भी 25 करोड़ से ज्यादा लोग श्गरीबी रेखाश के तले जीने को अभिशप्त हैं, लेकिन भारत में भुखमरी के हालात बिल्कुल नहीं हैं ।

**नमामि गंगे का नया चरण इससे अधिक उपयुक्त समय पर नहीं आ सकता है, जब हम महान अटलजी को उनकी जयंती पर याद कर रहे हैं, भारत के अमृत काल का उत्सव मना रहे हैं और जी20 में भारत को अध्यक्षता मिलने का जश्न मना रहे हों। यह अटलजी ही थे जिन्होंने कभी कहा था, भारत केवल जमीन का एक टुकड़ा नहीं है, यहां हर पत्थर में भगवान शिव हैं और पानी की हर बूंद गंगा जल है। जब वह हमें ...**

# नमामि गंगे: देश की संकल्प शक्ति का निर्मल और अविरल प्रमाण'

गजेन्द्र सिंह शेखावत

भारत के लिए 7 अगस्त, 2021 का दिन एक महत्वपूर्ण अवसर था, नीरज चोपड़ा नाम के एक एथलीट ने टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में हमें स्वर्ण पदक दिलाकर गौरवान्वित किया। इस समाचार के परिशिष्ट में एक छोटा सा कार्य सुर्खियों में नहीं आया कि चौम्पियन अपना भाला नमामि गंगे कार्यक्रम के लिए नीलामी के उद्देश्य से दान कर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें मिले उपहारों की नीलामी शुरू करने की पहल, कार्यक्रम के लिए उनकी व्यक्तिगत भागीदारी, सरकार की अपार प्रतिबद्धता और उस पर दृढ़ विश्वास को बल देती है। इसी तरह 15 दिसम्बर 2022 को, इस प्रतिबद्धता ने आंशिक परिणाम हासिल किए, जब संयुक्त राष्ट्र ने इसे दुनिया के शीर्ष 10 इकोसिस्टम बहाली कार्यक्रमों में से एक के रूप में मान्यता दी। अपने मन की बात कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री ने सही कहा कि यह देश की संकल्प शक्ति और अथक प्रयासों का प्रमाण है और दुनिया को एक नया रास्ता दिखाता है। नमामि गंगे की कहानी 2014 की है जब माननीय प्रधानमंत्री ने गंगा नदी के पौराणिक गौरव को बहाल करने का कार्यक्रम शुरू किया था। अविरल (अप्रतिबंधित प्रवाह) और निर्मल (अप्रदूषित प्रवाह) गंगा की परिकल्पना से उत्साहित, एक समग्र और एकीकृत रास्ता अपनाने की पहल की गई। इस पहल को जन गंगा (जन भागीदारी और लोगों और नदी का सम्पर्क), ज्ञान गंगा (अनुसंधान और ज्ञान प्रबंधन) और अर्थ गंगा (स्वतंत्र प्रयास का आर्थिक मॉडल) के तीन कार्यक्षेत्रों से और आगे बढ़ाया गया था। अब तक 32,898 करोड़ रुपये की 406 परियोजनाओं को गंदे पानी के शोधन के बुनियादी ढांचे, नदी किनारे का विकास, नदी बेसिन की सफाई, जैव विविधता संरक्षण, वनरोपण, जन जागरूकता, उद्योगों से निकलने वाले सीवेज की निगरानी, अर्थ गंगा सहित अन्य के लिए मंजूरी दी गई है। इनमें से 225 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, शेष निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। गंगा बेसिन में 5270 एमएलडी शोधन क्षमता और 5,211 किमी सीवर नेटवर्क के निर्माण के लिए करीब 177 सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। सीवरेज प्रबंधन के लिए इनमें से कई परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। प्रारंभिक चरण के एक बड़े हिस्से को प्राप्त करने के साथ, नए जोश और कीमती अनुभव से लैस होकर, हम नमामि गंगे 2 की शुरुआत कर रहे हैं, जिसे अब सहायक नदियों जैसे यमुना और उप सहायक नदियों जैसे काली, गोमती, हिंडन, दामोदर नदी तक बढ़ा दिया गया है। कार्यक्रम की सफलता का एक प्रमुख कारण सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड (एचएएम–पीपीपी) के तहत हाइब्रिड एन्यूइटी मॉडल है, जो अपशिष्ट जल क्षेत्र में अब तक अज्ञात दृष्टिकोण है। एचएएम मॉडल के तहत, अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों की निर्माण लागत का 40 प्रतिशत तक सरकार द्वारा ऑपरेटरों को भुगतान किया जाता है और शेष उनके प्रदर्शन मानकों का आकलन करने के बाद 15 वर्षों की अवधि में जारी किया जाता है। इसी तरह से एक शहर, एक ऑपरेटर मॉडल शुरू किया गया है जो पूरे शहर में सीवेज शोधन के लिए एक स्थान पर समाधान की परिकल्पना करता है। जबकि एचएएम ऑपरेटरों द्वारा प्रतिबद्धता, प्रदर्शन और स्थिरता सुनिश्चित करता है, एक शहर, एक ऑपरेटर एकल स्वामित्व और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। औद्योगिक प्रदूषण में कमी के लिए, अत्यन्त प्रदूषणकारी उद्योगों (जीपीआई) की पहचान की गई है और प्रतिष्ठित तृतीय पक्ष तकनीकी संस्थानों द्वारा इनकी निगरानी की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप उद्योगों द्वारा अनुपालन में सुधार हुआ है। इसकी एक शानदार सफलता कानपुर में जाजमऊ चमड़े के कारखाने (देश में अपने प्रकार का सबसे बड़ा) के लिए 20 एमएलडी कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का निर्माण है। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत, इस परिवर्तन में मदद के लिए, पहली बार अक्टूबर 2018 में ई–फ्लो अधिसूचना के माध्यम से अपने स्वयं के जल पर नदी के अधिकार को मान्यता दी गई थी। कार्यक्रम के तहत मिलने वाले सकारात्मक परिणामों को तेजी से देश की अन्य नदियों के लिए मॉडल नदी कायाकल्प कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है। कई स्थानों पर गंगा के पानी की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार इसकी सफलता की गवाही देता है, जबकि 2018 में नदी की मुख्य नलिका के चार प्रदूषित हिस्से थे, 2021 में कोई भी विस्तार प्राथमिकता ढ्ढ (बीओडीझ30 मिली) से 4 (बीओडी झ6–10) तक नहीं है और केवल दो खंड सबसे कम प्रदूषित प्राथमिकता 5 (बीओडी झ3–6) में हैं। गंगा की पर्यावरणीय सफाई ने भारत के लोगों की आध्यात्मिक सफाई में मदद की है, और यह तब देखा गया जब 20 करोड़ से अधिक लोगों ने कुंभ के दौरान इसमें स्नान किया। गंगा में डॉल्फिन, घडियाल, ऊदबिलाव और अन्य जलीय प्रजातियों का अधिक संख्या में दिखाई देना हर दिन इसकी याद दिलाता है। राष्ट्रीय पशुपालन कार्यक्रम–2022 के तहत स्थानीय मछली प्रजातियों के कायाकल्प जैसे सूक्ष्म विवरणों का भी ध्यान रखा गया है। अत्यधिक आकर्षक हिल्सा मछली की बढ़ती आबादी और उसके बाद हमारे मछुआरों की समृद्धि में यह रास्ता सबसे महत्वपूर्ण है। कुदरती तौर पर बहुआयामी और समग्र, इस कार्यक्रम के परिणामस्वरूप गंगा बेसिन में 30,000 हेक्टेयर वनीकरण, वसंत कायाकल्प, आर्द्रभूमि संरक्षण, पारंपरिक जल निकायों का कायाकल्प और शोधित जल का पुनरू उपयोग हुआ है।। प्रधानमंत्री ने 2019 में राष्ट्रीय गंगा परिषद की पहली बैठक के दौरान अर्थ गंगा अवधारणा का भी समर्थन किया था। अर्थ गंगा का केन्द्रीय विचार गंगा नदी पर निर्भर होने के नारे की तर्ज पर अर्थनीति के सम्पर्क के माध्यम से लोगों और गंगा नदी को जोड़ रहा है। जन गंगा और अर्थ गंगा दोनों अब नमामि गंगे को एक जन आंदोलन में बदलने के इंजन बन चुके हैं। कार्यक्रम के लिए पिछले कुछ महीने घटनाओं से भरे रहे, अर्थ गंगा के तहत छह नए वर्टिकल की पहचान की गई है, जिनमें शून्य बजट प्राकृतिक खेती, मुद्रीकरण और कीचड़ और गंदे पानी के पुनरू उपयोग, आजीविका सृजन के अवसर जैसे श्घाट में हाटश, स्थानीय उत्पादों, आयुर्वेद, औषधीय पौधों को बढ़ावा देना आदि, हितधारकों, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के लिए जन भागीदारी शामिल है जो बेहतर विकेंद्रीकृत जल प्रबंधन के लिए स्थानीय क्षमताओं को बढ़ाकर सामुदायिक जेटी के माध्यम से नौका पर्यटन, योग को बढ़ावा देने, साहसिक पर्यटन और गंगा आरती और संस्थागत निर्माण पर निर्भर है। जलज केन्द्रों की स्थापना, जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया है, स्थायी नदी केन्द्रित आर्थिक मॉडल के निर्माण की दिशा में एक कदम है। 75 जलज केन्द्रों में से 26 की शुरूआत हो चुकी है। यह नदी के किनारे रहने वाले लोगों के लिए सुविधाएं स्थापित करके और स्थानीय लोगों का मार्गदर्शन करके आजीविका के अवसर पैदा करने की एक पहल है।



# विधायक पुत्र ने पिता व भाई की पुण्यतिथि पर लगाया गया स्वास्थ्य शिविर,विधानसभा अध्यक्ष ने गिनाई उपलब्धियां

हरदोई। प्रख्यात शिक्षाविद् एवं लोकतांत्रिक सेनानी स्वर्गीय शिवराज सिंह की चौथी पुण्यतिथि व उनके बेटे डॉ. आलोक सिंह ष्नीलूष की पुष्प स्मृति मल्लावां के मिट्ठू बाग में मनाई गई। इस दौरान एक बहुत बड़ा निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें हजारों मरीजों का परीक्षण कर दवा दी गई। दिव्य आलोक सेवा फाउंडेशन की तरफ से विकलांगों को ट्राइसाइकिल और गरीबो को कम्बल वितरण किया गया। शिविर का शुभारंभ वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शिवराज सिंह की सादगी लोगों को काफी प्रभावित करती थी। उनके अंदर अहंकार थोड़ा भी नहीं था। कहा कि उनके पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से गरीब मरीजों की सेवा करना सराहनीय कार्य है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के बारे में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार सभी हेल्थ एवं बेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य एटीएम लगाने जा रही है। प्रदेश सरकार डॉक्टरों की कमी पूरी करने का काम कर रही है। जेनरिक की सस्ती दवा सभी गरीबो और मजलुमो को पहुचाई जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मैं भी संघ का पुराना कार्यकर्ता हूँ और स्वर्गीय शिवराज सिंह भी संघ के पुराने कार्यकर्ता थे। मुझे 32 साल हो गए है राजनीतिक करते हुए लेकिन मैने कभी किसी का मनोबल नही तोड़ा। उसके बाद उन्होंने विधानसभा के बारे में बयान देते हुए कहा कि है विधानसभा प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। इसके साथ महाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है, जहां ई–विधान लागू किया गया है और इस बार विधानसभा के प्रत्येक सदस्य के लिए सीट निर्धारित की गई है. वहीं, सभी सदस्यों के टेबल पर एक टैबलेट मौजूद रहता है। उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही के बारे में विस्तार से बताते हुए महाना ने कहा कि फेसबुक और यूट्यूब पर इसका सीधा प्रसारण किया जाता है पहले यह सुबिधाये नहीं थी।

उन्होंने कहा कि जो मतदाता अपना विधायक चुनते हैं, उन्हें सदन में अपने क्षेत्र से संबंधित गतिविधियों के बारे में पता चलना चाहिए। नयी व्यवस्था में उत्तर प्रदेश की एक बदली हुई छवि पूरे देश में देखने को मिलेगी। तकनीकी प्रगति भी जनता की आकांक्षाओं को तेजी से पूरा करेगी उन्होंने कहा कि जब निर्वाचित विधायकों को पता चलेगा कि लोग अच्छे और बुरे पक्षों का हिसाब रख रहे हैं, उन्हें देख रहे हैं तो स्वाभाविक रूप से उनमें बदलाव आएगा। महाना ने बताया कि विधानसभा के शत–प्रतिशत डिजिटलीकरण के बाद अगले चरण में इसे सरकारी विभागों से जोड़ा जाएगा, क्योंकि विधानसभा में जो मुद्दे आते हैं, वे सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े होते हैं इसके साथ उन्होंने कहा कि इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सलाह–मशविरा करने के बाद मेरी योजना सीधी जनता तक पहुचाई जाती है। बिलग्राम मल्लावां विधायक आशीष सिंह आशू ने कार्यक्रम में आये हुए सभी का आभार जताते हुए कहा की मेरे पिता शिवराज सिंह और माता विमला देवी ने जो संस्कार दिए है उनकी बजह से मैंने कभी मात नही खाई। इस मौके पर जिलाधिकारी एम सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, सांसद जय प्रकाश, सांसद अशोक रावत, चरखारी विधायक ब्रज भूषण राजपूत, सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, सांडी विधायक प्रभाष कुमार, एमएलसी अशोक अग्रवाल, सीओ ट्रैफिक विनोद कुमार दुबे, पीके वर्मा, ठाकुर संदीप सिंह, प्राची दीक्षित, अशोक सिंह, एलटी संजीव कुमार, नीरज वर्मा, सुधीर वर्मा, जीतू वर्मा, मनोज कुमार, विधाराम वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

## विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धर्मान्तरण की घटनाओं के संबंध में सीओ को सौंपा ज्ञापन

बिसवां नगर (सीतापुर)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धर्मांतरण की घटनाओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत दिनों ईसाई मिशनरियों पादरियों के द्वारा जिले भर में विभिन्न स्थानों पर हिंदू समाज के धर्मांतरण के घटनाओं की सूचना के बाद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा सक्रियता एवं प्रशासन के सहयोग से उनका खुलासा भी किया गया है व धर्मांतरण करा रहे लोगों की गिरफ्तारी लगातार हो रही है। धर्मांतरण जैसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति से सनातन धर्म की भावनाओं वह उसकी आस्था को ठेस पहुंचाई गई है। प्रशासन कार्यवाही हेतु टीम का गठन करके ऐसे बिंदुओं को व्यक्तिगत रखें। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि प्रशासन धर्मांतरण वाली बैठकों पर दृष्टि रखे एवं टीमें गठन कर इन विषयों की एलआईयू के माध्यम से सूचना निकाली जाए क्योंकि इन घटनाओं से सनातन धर्म को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है प्रशासन ऐसी घटनाओं पर पूर्ण रूप लगाएं।धर्मांतरण की गतिविधियों की सूचना देने वाले बजरंग दल कार्यकर्ताओं से सकरन के एसएचओ मुकेश वर्मा और चौकी के अंगद दीवान के द्वारा अभद्रता कर कार्यकर्ताओं को मनोबल तोड़ने का प्रयास किया गया। धर्मांतरण करने वाले आरोपियों का पक्ष लिया गया तथा पादरियों को स्थान से हटा दिया गया तथा अधिक कहासुनी के पश्चात प्रथमिमी दर्ज की गई। प्रशासन की इस तरह की कार्यशैली से कार्यकर्ता संतुष्ट हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कहा गया है कि सभी लोग अपने अपने धर्म को मानने के लिए स्वतंत्र हैं कोई भी धर्मांतरण जैसे कार्य नहीं होने चाहिए इसके बावजूद धर्मांतरण की सभाओं का खुलासा बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद की सक्रियता और प्रशासन के सहयोग से किया गया। आगे इन घटनाओं पर विराम लगे एवं पुलिस प्रशासन के लोग जो सहयोग करने के पश्चात धर्मांतरण करने वाले लोगों बढ़ावा देते हैं। कार्यकर्ताओं का दमन का प्रयास करते उन पर कार्यवाही की जाए। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मारी जूते की ठोकर और टूट गया प्लास्टर!ये है निर्माण की हकीकत

हरदोई।करोड़ों की लागत से बने घरों की एडीएम जांच कर रही थीं, मारी जूते की ठोकर और टूट प्लास्टर टूट गया।जिले में बीते दिनों सड़कों के निर्माण के बाद उनके तुरंत उखड़ने की कई खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं।वहीं अब हरदोई जिले में जरूरतमंदों को आवास देने के लिए दस करोड़ रुपये की लागत से बने आवासों की दीवारों का प्लास्टर एडीएम की जांच में जूते की नोंक से गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। आईएचएसडीपी योजना के अंतर्गत दस करोड़ रुपये की लागत से 252 आवास 10 साल पहले बनने शुरू हुए थे। मगर ये सरकारी आवास किसी जरूरतमंदों का घरौंदा बनते, इससे पहले ही कबाड़ में बदल गए। योजनाओं के भौतिक सत्यापन में जब इस परियोजना की जांच हुई तो निर्माण कार्य में लापरवाही की पोल खुल गई। जिले में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हरदोई की अपर जिलाधकारी वंदना त्रिवेदी कुछ कमरों में अपने जूते से प्लास्टर छूकर देख रही हैं, तो दीवारों का प्लास्टर तुरंत टूटकर जमीन पर गिरता नजर आ रहा है। इसके बाद अपर जिलाधिकारी कार्यदाई संस्था के व्यक्ति को मौके पर जमकर लताड़ लगाती नजर आ रही हैं।दरअसल, यह पूरा वाक्या शनिवार 30 दिसंबर का है जब जिले की बड़ी परियोजनाओं के भौतिक सत्यापन की स्थिति को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वंदना त्रिवेदी ने संडीला नगर पालिका क्षेत्र में आईएचएसडीपी योजना के अंतर्गत दस करोड़ रुपये की लागत से बने 252 आवासों की परियोजना का निरीक्षण किया।ये आवास जरूरतमंदों को दिए जाने वाले थे।इन आवासों की परियोजना पर मई 2011 से काम शुरू हुआ था। और मई 2013 तक यह काम पूरा हो जाना था। मगर परियोजना शुरू होने के 11 साल बीतने के बाद परियोजना पूरी नहीं हो सकी और जरूरतमंदों को आवास दिए जाने से पहले ही वे कबाड़ में बदल गए।

आवासों का अब ये हो गया है। हाल मिली जानकारी के अनुसार, इन आवासों का निर्माण सीएनडीएस संस्था द्वारा कराया गया है, लेकिन पिछले 2 वर्षों से इस योजना का काम बंद होने के कारण आवासों के दीवारों का प्लास्टर टूट कर नीचे गिरने लगा है। जबकि आवास में लगाईं गईं सरियों में अभी से जंग दिखाई पड़ रही है और खिड़की और दरवाजे के फ्रेम खराब हो गए हैं। कई भवनों में जीना बहुत कमजोर है और भवन पूरी तरह से कबाड़ में बदल गए हैं।करोड़ों रुपये की परियोजना की अपर जिलाधिकारी द्वारा जांच के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो वायरल होने के बाद अपर जिलाधिकारी ने बताया कि पूरे मामले में जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को दे दी गई है, जिसके परीक्षण के बाद पूरे मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## आज भी पूस की रात में जानवर भगाते कट रही हल्कू की जिंदगी जीवंत हो रही है मुंशी प्रेम चंद की कहानी

हरदोई।भारत के महान कहानीकार रहे मुंशी प्रेमचन्द ने अब से करीब 100साल पूर्व 1921में भारतीय किसानो की दीन दशा का चित्रण करते हुयेष पूस की रातष नामक कहानी लिखी थी।उस समय देश में ब्रिटिश शासन था। कहानी में हल्कू नामक पात्र पूस की रात में जानवरों से अपने खेत को बचाने के लिये फूस की झोपड़ी में एक सूती चादर के सहारे भंयकर ठंड में रात काट रहा है। आज कहानी लिखे जाने के 100साल बाद भी किसान की जिंदगी हल्कू की जिंदगी से आगे नहीं जा पायी है। भारत में किसानो की दशा सुधारने के लिये सरकारों द्वारा कोई खास ध्यान नहीं दिया गया। परिणामस्वरूप भारतीय किसान आज भी गरीबी की त्रासदी से उबर नहीं पा रहा है।कहने को तो भारत कृषि, प्रधान देश है।और कृषिदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ की हडडी कही गयी है।किन्तु आजादी के बाद से कृषि,के उन्नयन मे उत्पादकता की दृष्टि से विज्ञान का आधार लेकर कृषि,उपज मे उत्तरोत्तर वृद्धि हुयी इसमे कोई दो राय नही है किन्तु कृषि सँसाधनो एवँ उपज के उचित रखरखाव की ओर सरकारौं द्वारा विशेष ध्यान नही दिया गया।इसी का परिणाम है कि पर्याप्त क्रषि योग्य भूमि होने के बाबजूद किसान गरीबी की त्रासदी से उबर नही पा रहा है।सिचाई के सँसाधनो को आकडौं की माध्यम से देखा जाय तो पर्याप्त मात्रा में है किन्तु परिस्थितयाँ वास्तविकता से कोसौं दूर खडी है।बर्षो से 70से 80 प्रतिशत बन्द नलकूप एवँ सूखी पटी पडी नहरे इस बात का सबूत है कि सिचाई सँसाधनो पर करोडो रूपया फूँकने वाली सरकार की व्यवस्था मे कितनी खामियाँ है वहीँ खाद बीज के नाम पर प्रशासनिक अधिकारियो की लम्बी फौज की द्रष्टि के मध्य नकली खाद बीज एवँ कालाबाजारी के बीच पिसता अन्न दाता बमुश्किल तमाम अपनी हाड तोड मेहनत से पैदा की गयी उपज के बाजिव मूल्य के लिये भिखारियो की भार्ति कृषि क्षेत्र से जुडे अधिकारियो कर्मचारियो धन्नासेठो की दुत्कार व लानत मलानत करने पर मजबूर हो रहा है। किसानो को मेहनत से कमाई गयी उपज का बाजिब मूल्य न मिलने से किसान गरीब और गरीब होता चला जा रहा है। आज अन्नदाता को राजनीति की पॉलिथीन से कवर कर दिया गया है ताकि वह अंदर ही अंदर घुटता रहें और बाहरी वातावरण से उसका संबंध विच्छेद रहे वह अपने परंपरागत समाज को समझ ही न सके यही नहीं वह अपने को भी नहीं समझ सकता है कि वह कितने टुकड़ों में बट कर अपना जीवन जी रहा है।उप्र का जनपद हरदोई खेती किसानी की अधिकता वाला जनपद है।इस जनपद की अधिकांश आबादी ग्रामीण है।और खेती किसानी से अपना जीवन यापन करती है।बर्तमान में आवारा गोवंश किसानो के लिये बड़ी समस्या बने हुये है। वैसे आवारा गोवंशों को लेकर उप्र सरकार काफी संजीदा है और गोवंश संरक्षण के लिये लगातार करोड़ों रूपए पानी की तरह बहा भी रही है इसमें कोई संदेह नहीं है लेकिन जमीनी हकीकत मुख्यमंत्री के आशानुरूप परिलक्षित होती दिखाई नहीं दे रही है। आवारा गोवंशों से किसानो को निजात दिलाने के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौशाला बनाये जाने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन प्रशासनिक मक्कारी के चलते योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है।जिन ग्राम पंचायतों में गौशाला बन गये है उनके संचालन में जानबूझकर कर बिलम्ब किया जा रहा है जहां संचालन हो रहा है वहां अव्यवस्था का बोलबाला बताया जा रहा है। जिम्मेदार केवल आफिस में बैठकर व्लोअर की गर्माहट में मस्ती करते नजर आ रहे हैं जबकि किसान पूस की रात में 5 डिग्री तापमान में बिना झबरा के फूस की झोपड़ी में भंयकर ठंड झेलने को मजबूर हो रहा है। पूस की रात कहानी में हल्कू अकेला पात्र हैं लेकिन आधुनिकता का दम्भ भरते समाज में आज हर घर में एक हल्कू मौजूद हैं जिसकी कड़कड़ाती ठंड भंयकर कोहरे से भरी पूस की रात खेतों पर जानवर भगाते जिंदगी कटी जा रही है।

## काव्य गोष्ठी के माध्यम से नववर्ष का किया गया स्वागत

सीतापुर। साहित्यिक संस्था अन्नपूर्णा साहित्य संगम ने नववर्ष का स्वागत काव्य गोष्ठी के माध्यम से किया। इस अवसर पर हिंदी व उर्दू साहित्य प्रेमियों ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। शहर के जेल रोड स्थित सरस्वती संगीत महाविद्यालय के सभागार में आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता संगम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महफूज रहमानी ने की। जी०एल० गांधी की वाणी वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन युवा शायर यासीन इब्ने उमर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी में प्रथम आगमन पर हरेंद्र विक्रम सिंह व विवेक कुमार पांडे को संस्था पदाधिकारियों के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नव वर्ष के हर्षो उल्लास में डूबी काव्य गोष्ठी के अंत में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माताजी हीराबेन के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। काव्य गोष्ठी में महफूज रहमानी, ए०के० मिश्र, मंजर यासीन, जी०एल० गांधी, यासीन इब्ने उमर, राम किशोर श्रीवास्तव, नफीस सीतापुरी, के०पी० मिश्र, ए०पी० गौतम, विवेक मिश्र राज, ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, अवधेश शुक्ला, शिव प्रताप सिंह चौहान, विजय प्रकाश पांडे कंठ, वसी खैराबादी, सुमन मिश्रा, गीता श्रीवास्तव, रईस रहमानी, राजेंद्र रंचक, विनोद शर्मा सागर, कन्हैया लाल शुक्ल, हरेंद्र विक्रम सिंह, विवेक कुमार पांडे, आनंद विश्वकर्मा व सुधांशु त्रिवेदी आदि ने काव्य पाठ किया।

## धान खरीद में धांधली की शिकायत केंद्रीय राज्यमंत्री से की गई

मीरजापुर। धान खरीद में व्यापक पैमाने पर धांधली अनियमितता का आरोप लगाते हुए अपना दल एस के प्रदेश सचिव दिलीप पटेल, जिला पंचायत सदस्य राजकुमारी पटेल तथा क्षेत्रीय लोगों ने केंद्र प्रभारी हलिया प्रथम के विरुद्ध धान खरीद में गंभीर आरोप लगाते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री एवं जिले के सांसद अनुप्रिया पटेल व जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच कराकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में टोकन रजिस्टर में अनियमितता, कटिंग तथा टोकन में क्रमांक तोड़ने एवं बिचौलियों से खरीद करने का आरोप लगाया गया है। यही नहीं फर्जी इन्तखाप लगाकर धान खरीद किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। आरोप लगाया गया है कि हलिया द्वितीय में नई तैनाती 27 दिसंबर से होने पर उक्त केंद्र पर बिचौलियों की अनुपस्थिति इसके सबल प्रमाण हैं, क्योंकि टोकन केंद्र प्रथम के प्रभारी द्वारा लगाए जा रहा है। बताया जा रहा है कि केंद्र प्रथम पर बिचौलियों का अनियमित तरीके से टोकन लगाया गया है।

## मीरजापुर के गांव दिखलाई दिया तेंदुआ, किसान पर बोला हमला गांव में खौफ

मीरजापुर। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के दीवानपुर गांव में सुबह तालाब पर शौंच के लिए गए अधेड़ को तेंदुए द्वारा हमला कर घायल होने की सूचना पर पहुंचे ड्रमंडगंज वन रेंज अधिकारी टीम के साथ खोजबीन में जुटे तो तेंदुआ पुनः हमलावर हो गया। जिसमें फारेस्ट टीम के लोग बाल बाल बच गए। बचाव के लिए रेंजर ने अपनी पिस्टल से हवाई फायरिंग करनी पड़ी। तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए रेंजर द्वारा डीएफओ मीरजापुर को सूचित किया गया। लालगंज थाना के दिवानपुर गांव में सुबह घर के बगल स्थित तालाब पर शौंच करने गए 60 वर्षीय खन्नू अली पर पहले से झाड़ी में छिपे तेंदुआ उन पर हमला कर पंजे से मारकर घायल कर दिया। हमले के दौरान उनके शोर पर पहुंचे गांव निवासी सुभान अली डंडे लेकर तेंदुआ से भिड़ गए। उनके डंडे के प्रहार से तेंदुआ ग्रामीणों की भीड़ देखकर बगल तो हो गया लेकिन तालाब की झाड़ी में जाकर छिप गया था। इसकी बात की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दे दिया तो पुलिस मौके पर पहुंचकर तालाब का अवलोकन करने के बाद वापस लौट गई। तेंदुए की खबर जब वन विभाग की टीम को मिली तो रेंजर बी के तिवारी तालाब पर पहुंचकर ग्रामीणों वन विभाग टीम के साथ खोजबीन में जुट गए, लेकिन जैसे मध्य तालाब के पास पहुंचे तो ग्रामीणों के साथ खड़े रेंजर पर तेंदुआ हमलावर की मुद्रा में आ गया। लेकिन सभी बाल–बाल बच गए। इस स्थित में घबराए रेंजर को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। वही भारी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दिया। जानकारी मिलने के बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने पुलिस टीम मौके पर भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक तेंदुए के पकड़ने की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी केवल रेंजर बी के तिवारी मौके पर मौजूद रहे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा के निर्देश में भेजी गई पुलिस टीम शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जुटी रही।

## खेत में खड़ी फसल जोत कर नष्ट करने की रिपोर्ट

हरपालपुर/ हरदोई।थाना क्षेत्र के रन्टपुरा गांव निवासी महिला का मलौथा गांव में खेत है। जिसको हरपालपुर कस्बा निवासी कुछ लोगों ने जोतकर खेत में खड़ी फसल नष्ट कर दी है।हरपालपुर थाना क्षेत्र के रन्टपुरा गांव निवासी माधुरी पत्नी अवधेश ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि हरपालपुर थाना क्षेत्र के मलौथा गांव में गाटा संख्या 565 में 0.0992 हेक्टेयर जमीन है। जिसमें उप जिलाधिकारी सवायजपुर के आदेश पर बटवारा कराया गया था। बंटवारे के बाद हरपालपुर कस्बा निवासी आदित्य कुमार, अवधेश कुमार, अरुण कुमार, आशुतोष कुमार व भूपेंद्र शर्मा ने बंटवारे के बाद पूरे खेत पर कब्जा कर लिया। खेत में खड़ी फसल को जोत कर फसल नष्ट कर दी। जिसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन

बिसवां नगर (सीतापुर)। भारतीय उधोग व्यापार मंडल और लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में को मोहल्ला कच्चा कटरा में निशुल्क, नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम सयोंजक मोहित जायसवाल ने जरूरतमंदों की सेवा और समाज सेवा को ही सही मायने में भगवान की सेवा बताते हुए कहा कि कैम्प का उद्देश्य जरूरतमन्दों को निःशुल्क चिकित्सा देना है। शिविर के दौरान कुल 539 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें 221 लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई तथा 244 मरीजो को नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क चश्मा वितरित किये गये। इस मौके पर मरीजो और तीमारदारों को फल और बिस्किट भी वितरित किये गये। शिविर में नेत्र परीक्षक डॉ राजन अग्रवाल, फिजिशियन के रूप में डॉ विमल गुप्ता तथा नाक कान गला फिजिशियन के रूप में डॉ लतीफ अहमद ने लोगों का परीक्षण किया। इस मौके पर बादल मौर्य रिंकू मौर्य, पप्पू सिंह, मनोज वर्मा, पीयूश शर्मा, अंशु रस्तोगी, लकी श्रीवास्तव, चांद मियां, मो सादिक, अतुल त्रिवेदी, शिवकुमार गुप्ता, दीपू रस्तोगी, शुभम रस्तोगी के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 45 रिश्वत लेंते लिपिक रंगे हाथ गिरफ्तार

जौनपुर। एनटी करेप्षन वाराणसी की टीम ने लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ लिपिक जोगेंद्र यादव को भभनियाव में नहर पुलिया के पेमेंट को लेकर 45 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। शिकायत पर टीम ने जांच में मामला सही पाये जाने पर कार्यवाही किया। बताते है कि मीरगंज थाना क्षेत्र में पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि काम के बदले करीब 45 लाख रुपये का भुगतान फंसा हुआ है। ठेकेदार विपुल सिंह का कहना था कि पीडब्ल्यूडी में तैनात लिपिक योगेंद्र यादव कमीशन मांग रहा है। एंटी करप्शन टीम के अनुसार, ठेकेदार से कुल भुगतान का 12 फीसदी मांगा जा रहा था। ऐसे में बात 10 फीसदी कमीशन पर ठेकेदार 45 हजार रुपये लेकर उसे देने आया था। इसकी जानकारी ठेकेदार ने एंटी करप्शन टीम को पहले ही दिया था। ठेकेदार ने जैसे ही रिश्वत में उक्त रूपया दिया टीम ने लिपिक को पकड़ लिया। आरोपी से जफराबाद थाने में लाकर पूछताछ व कार्यवाही किया गया ।

## इस्लाम के लिए कासिम सुलेमानी की कुर्बानी यादगार

जौनपुर ।मस्जिद रौजा मखध्दूम शाह अढहन चहारसू इन्तेजामिया कमेटी की जानिब से शहीद कासिम सुलेमानी, शहीद अबू मेहदी अल मोहन्दिस की बरसी के मौके पर मजलिसे तरहीम का आयोजन मस्जिद चहारसू रौजा मखध्दूम शाह अढहन में किया गया ।जिसमें तिलावते कुरआन से मजलिस का शुभारंभ किया गया ।मौलाना फजले मुमताज खां कहा कि शहीद कासिम सुलेमानी जैसी शख्सियत सदियों में दुनिया को हासिल होती है उन्होंने अपनी शहादत से इस्लाम के लिए अजीम कुर्बानी पेश की उन्होंने इराक में मौजूद नजफ , कर्बला,काजमैन , सामरा के पवित्र रौजो की जिस तरह से हिफाजत की , और अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठन आई एस एवं दायश के नेटवर्क को खत्म किया उसकी वजह से हमेशा उन्हें याद रखा जाएगा। शहीद कासिम सुलेमानी, अबू मेहदी अल मोहन्दिस के नेतृत्व में जो ईरान और इराक में इन्केलाबी पैदा हुए उसने मध्य एशिया में साम्राज्यवादी सुपर पावर ताकतों का संरक्षण प्राप्त आंतकवादी संगठन की कमर तोड दी कासिम सुलेमानी और उनके साथियों को दुनिया भर के मुसलमान विशेषकर शिया मुस्लिम कभी नहीं भूला सकते जिस तरह से तकरीबन 100 साल से शिया मुस्लिम जन्नतुल बकीअ मदीना के रौजो के विध्वंस का गम मना रहें हैं वैसे ही शिया मुसलमान नजफ कर्बला,काजमैन (इराक)के रौजो के विध्वंस हो जाने पर गम मनाते नजर आते ।अन्जुमन जाफरी मखध्दूम शाह अढहन ने नौहा खघंनी की ।

## कंप्यूटर मॉनीटर चोरी, मोबाइल हाथ से छीना

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव टाउन नगर के ब्लॉक रोड मोहल्ला रामनगर के सामने राजकीय बीज भंडार एवं कृषि रक्षा इकाई जॉइंट विभागों के बंद कंप्यूटर रूम के पिछले दरवाजे से मॉनीटर व कुछ अन्य कीमती सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिये गये है। आज 3 दिन पूरे हुए इसी दिन ट्यूशन पढ़ कर लौट रहे युवक से उसी रोड पर बाइक सवार लुटेरों ने फोन छीन लिया। पीड़ितों ने पुलिस को अवगत कराया परंतु पुलिस की नुक्ताचीनी से निराश पीड़ितों को विश्वास है वर्तमान पुलिस द्वारा किसी प्रकार की राहत पहुंचाना संभव नहीं। कम्प्यूटर में किसानों के अनगिनत डाटा फीड थे।

## अनुपस्थित मिलने पर कस्तूरबा के छह कर्मियों का मानदेय रोका

महराजगंज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नौतनवां में शिक्षकों व कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर छह कर्मियों का दिसंबर माह का मानदेय रोक दिया। सभी को सात जनवरी तक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय घुघली की पूर्णकालिक शिक्षिका सुमन मिश्रा व चित्रा द्विवेदी ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। इस वजह से उनका मानदेय रोका गया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय पनियरा की अंशकालिक शिक्षिका किरन यादव का मानदेय पांच दिसंबर से लगातार अनुपस्थित चलने के कारण रोका गया है। कस्तूरबा विद्यालय गड़ौरा के सहायक लेखाकार बृजेंद्र पटेल का भी मानदेय अनुपस्थित पाए जाने पर रोका गया। विद्यालय की रसोइया कलावती देवी व मीरा देवी लगातार विद्यालय से अनुपस्थित हैं, इस वजह से उनका मानदेय रोका गया। सभी वार्डेन व पूर्ण कालिक शिक्षिका को निर्देशित किया गया कि वे सुबह साढ़े सात बजे व रात में नौ बजे जीपीएस आधारित फोटो व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजें। ऐसा न करने पर कार्मिकों को उस दिन अनुपस्थित मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। वार्डेन प्रतिदिन स्टाफ की उपस्थिति भेजें। विद्यालय में मीनू के मुताबिक भोजन न मिलने पर संबंधित वार्डेन के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सहायक वित्त लेखाधिकारी अरविंद मणि त्रिपाठी, जिला समन्वयक केके सिंह, वार्डेन पूजा शाही, चंद्रलेखा, प्रभा त्रिपाठी, शैलेश्वरी, नीलम त्रिपाठी समेत अन्य शिक्षक, लेखाकार आदि मौजूद रहे। बेहतर कार्य करने पर मिलेगा पुरस्कार – जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रतिमाह कस्तूरबा के शिक्षकों व कार्मिकों की बैठक होगी। इसमें सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली एक वार्डेन, एक पूर्ण कालिक शिक्षिका व एक लेखाकार को पुरस्कृत किया जाएगा।

## युवकों का शव पहुंचते ही गमगीन हुआ माहौल

निचलौल (महराजगंज)। गोरखपुर के बेलीपार थाना क्षेत्र में गोरखपुर–वाराणसी हाईवे पर महोब गांव के निकट हादसे में मृत चार युवकों का शव शहर के विभिन्न वार्डों में स्थित उनके घर लाया गया। आध ी रात को वाराणसी जाने के दौरान हुई सड़क हादसे में एक कार सवार आशीष मद्देशिया, आयुष्मान सिंह, अब्दुल अहद और शिवांश मिश्रा की मौत हो गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। मृत युवकों के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। जब पोस्टमार्टम के बाद गोरखपुर मेडिकल कॉलेज से मृत चारों युवकों का शव शहर पहुंचा, तो सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। परिजन शव से लिपटकर दहाड़ें मारकर रोने लगे। किसी की बूढ़ी मां तो किसी का बीमार पिता और बहन का क्रंदन देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। लोग अपने आंसू रोक नहीं पा रहे थे। मृत युवकों की मां और बहने रोती–बिलखती हर किसी से कह रही थी कि अब हम किसके सहारे जीएंगे। अब कौन मेरे बुढ़ापे का सहारा बनेगा। यह कहकर वह बेहोश हो जा रही थी। वही शहर के लोग शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बताते रहे। क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ने कहा कि घटना काफी दुखद है। परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

## सपाईयों ने धूमधाम से रहमत अली के नेतृत्व में मनाया पूर्व मंत्री का जन्मदिन

कुशीनगर। जनपद के फाजिलनगर में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओ ने मिलकर कनीज फातिमा गर्ल्स सेकेंड्री हायर स्कूल गडहिया के प्रांगण में नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी रहमत अली के नेतृत्व में पूर्व मंत्री व एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया । सभी समाजवादी नेता और कार्यकर्ताओं में पूर्व मंत्री के जन्मदिन का हर्षोल्लास देखने को मिला। वही नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी रहमत अली ने कहा कि सामाजिक न्याय की क्रांतिकारी योद्धा गरीबों पिछड़ों, असहाय , शोषित पिछड़ा वंचितो के आवाज बुलंद करने वाला पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य है । जो पिछड़ों के आवाज को उठाते है इन समाज के लिए आगे चलकर इनकी अधिकारों को सरकार से दिलाने का काम करते है इस महान नेता को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं व बधाई भी दिए इस मौके पर रहमत अली, विजय यादव, फैशल अंसारी, नौशाद अंसारी,अनवर अली,अजमत हुसैन,सूरज भूषण,दीपक चौहान,ईश्वर गुप्ता,इरफान, नशीम, मुकेश सिंह,हरिकेश गुप्ता इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर जलने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कुशीनगर। जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बलकुडिया गाँव के चोरों टोलो मे बार –बार ट्रांसफार्मर जलने नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है। रामपुर कोटवा विद्युत उपकेन्द्र के बलकुड़िया गाँव के चोरों टोलो मे पन्द्रह केवी का दो ट्रांसफार्मर लगा है। पचास से अधिक ग्रामीणों का कनेक्शन है। अत्यधिक लोड पडने से ट्रांसफार्मर बार –बार जल जाता है। आरोप है कि बिजली विभाग से कहने पर पैसे की मांग किया जाता है ।इससे नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने दोपहर मे ट्रांसफार्मर के समीप एकत्रित होकर प्रदर्शन किया ।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से गाँव में अधिक केवी का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है ।प्रदर्शन करने वाले कन्हैया सिंह, अशोक सिंह,अजय विकास गनेश, प्रदीप, जितेन्द्र, रोहन,शुभम,अरविंद संजय यादव, शिववचन,विकास सिंह नीतीश, उपस्थित रहे हैं।

## आपरेटर के मनबढई से पानी सप्लाई बंद

कुशीनगर। ग्राम प्रधान और पंप आपरेटर की लड़ाई में बीते करीब एक सप्ताह से जनता प्रदूषित जल पीने को मजबूर है। जिससे पूरे गाँव में रोष व्याप्त है। उक्त मामला जनपद के सेवरही विकास खंड के तरयालच्छीराम गांव में बीते करीब एक सप्ताह से पानी टंकी से गाँव की पानी सप्लाई बंद है। पूछने पर आपरेटर का कहना है कि कुछ तकनीकी खराबी है। जिसके बारे में ग्राम प्रधान को सूचना दे दी गयी है। दूसरी तरफ प्रधान प्रतिनिधि आदित्य से पूछा गया तो उनका कहना है कि आपरेटर द्वारा सही ढंग से काम नहीं करने के वजह से बार बार पानी की सप्लाई बंद हो जा रही रही है। वजह चाहे जो भी है लेकिन ग्राम पंचायत और पानी टंकी आपरेटर के आपसी लड़ाई में बीते एक सप्ताह से लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। नतीजतन वही पुराने हैंडपंप जो प्रतिबंधित किये जा चुके हैं या फिर इंडिया मार्का हैंडपंप का पानी पीने को मजबूर है। जिससे तमाम तरह की जल जनित बिमारियों का भी खतरा बना हुआ है। हालांकि इस ग्रामसभा के निवासी संयोग श्रीवास्तव ने कहा कि यह समस्या अभी की नहीं है। काफी दिनो से इन दोनों के लडाई में ग्राम सभा के लोगों की पेयजल आपूर्ति बंद होती रहती है। इस संबंध में एसडीएम तमकुहीराज ब्यास नारायण उमराव से जब बात किया गया तो उन्होंने कहा कि समस्या पेयजल की है। जो कि बहुत जरूरी है। मै दिखवाता हू प्रधान से बात करता हूँ ऐसा क्यों है जल्द समस्या दूर होगी।

# जल्द शुरू होगी इको जांच, लाइसेंस जारी

देवरिया। अब मेडिकल कॉलेज आने वाले हृदय रोगियों को जांच में सहूलियत होगी। दरअसल, इको जांच के लिए सीएमओ कार्यालय से लाइसेंस जारी हो गया है। अब जल्द ही मशीन लगने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके बाद मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीजों की इको जांच हो सकेगी। उन्हें कहीं बाहर नहीं भटकना पड़ेगा।

ठंड में हृदय रोगों से संबंधित मरीज बढ़ जाते हैं। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में हर रोज बड़ी संख्या में हृदय रोगी पहुंचते हैं। लेकिन अभी इको जांच की व्यवस्था न होने से हृदय रोग के सामान्य मरीजों का इलाज हो पाता है। हालांकि, इन रोगियों के इलाज की व्यवस्था है। यहां डीएम कॉर्डियो डॉ. अभिषेक अग्रवाल सप्ताह में दो दिन ओपीडी में मरीजों को देखते हैं। इसमें प्रतिदिन करीब 50 मरीज आते हैं, जबकि अन्य दिनों में मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. सिराजुद्दीन, डॉ. विजय गुप्ता के अलावा एसआर 20 से 25 मरीजों का उपचार करते हैं। इसमें नए व पुराने मरीज शामिल होते हैं। इनमें चार से पांच मरीजों को इको की जरूरत होती है। वहीं, गर्मी के मौसम में मरीजों संख्या कम रहती है। चिकित्सक मरीजों का परीक्षण करने के बाद जरूरत पड़ने पर ईसीजी व एक्स–रे कराते हैं। जांच में गड़बड़ी मिलने तथा अचानक सीने में दर्द, सांस फूलने, सोने में सांस फूलने, चलने में धड़कन बढ़ने व सीने में भारीपन की शिकायत पर मरीज को इको कराने की जरूरत होती है, लेकिन जांच न होने से उन्हें रेफर करना पड़ता है। इको जांच के लिए लेना पड़ता है लाइसेंसः इको जांच शुरू करने से पहले लाइसेंस लेना आवश्यक होता है। इसके लिए सीएमओ कार्यालय में आवेदन किया जाता है। इसके बाद समिति की स्वीकृति मिलने पर लाइसेंस जारी किया जाता है। पहले यहां के लिए जारी लाइसेंस में कुछ त्रुटि हो गई थी। इसे सीएमओ डॉ. राजेश झा ने गंभीरता से लिया और उनकी सक्रियता से उसे ठीक कराते हुए लाइसेंस जारी कर दिया है। इसके साथ ही इको जांच के लिए हरी झंडी मिल गई है।

केबिन बनकर है तैयार

देवरिया। इको जांच के लिए हृदय रोग विभाग के सामने के कक्ष में केबिन बन कर तैयार है। मशीन भी स्टोर में रखी है, अब उसे यहां स्थापित करना है। इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जांच शुरू कर दी जाएगी। अभी जांच हृदय रोग विशेषज्ञ की ओपीडी के दिन सप्ताह में दो दिन ही होगी। इसी के बगल में ईसीजी जांच भी स्थापित है।

## फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

निचलौल। सोहगीबरवा गांव के नौका टोला में . पेड़ पर फंदे से लटका महिला का शव मिला। जानकारी के मुताबिक, सोहगीबरवा निवासी विश्वनाथ प्रसाद की बेटी सीमा (24) की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व निचलौल थाना क्षेत्र के गेड़हवा निवासी से हुई थी। कुछ दिनों तक पति के साथ रहने के बाद सीमा ससुराल छोड़कर चली आई। करीब पांच महीने पहले सीमा गांव के ही युवक सोनू प्रसाद के साथ रहने लगी। इसी बीच सोनू रोजी रोटी के सिलसिले में गुजरात चला गया। .गांव के दक्षिण तरफ करीब पांच सौ मीटर दूर जंगल के किनारे सीमा का शव मिला। क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ने कहा कि मृत महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग में बरत रहे कोताही

देवरिया। कोरोना की आशंका के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है। तैयारियां की जा रही हैं। वहीं, लोगों को जागरूक करने के साथ सावधानी बरतने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन लोग मास्क लगाने में कोताही कर रहे हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेज में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर सचेत होने की आवश्यकता है। अस्पताल में मरीज और उनके परिजन बिना मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग के देखे गए। ऐसे लोगों को अस्पताल प्रशासन ने चेतावनी भी दी। विदेशों में कोरोना के संक्रमण के बाद देश के कुछ प्रांतों में मरीजों के मिलने से प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी सहित उपकेंद्रों पर आने वाले लोगों को जागरूक करने के साथ ही बचाव के नियमों का पालन करने के लिए कहा जा रहा है। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में भी मरीजों व तीमारदारों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए इमरजेंसी से लेकर नई ओपीडी तथा पुराने भवन स्थित विभागों, ओटी, पीआईसीयू, ब्लड कलेक्शन सेंटर, सीटी स्कैन, अल्ट्रा साउंड, एक्स–रे, ब्लड बैंक, टीबीच क्लीनिक, एमसीएच विंग, वार्डों सहित अन्य स्थानों पर जगह–जगह जागरूकता के लिए स्लोगन लिखे पोस्टर लगाए गए हैं। गेट से लेकर ओपीडी में तैनात सुरक्षा कर्मी व कर्मचारी मरीजों और तीमारदारों को जागरूक कर रहे हैं। इसका असर भी दिख रहा है, लेकिन अभी भी बहुत से लोग लापरवाही बरत रहे हैं। बिना मास्क के अस्पताल तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंच रहे हैं। 1,788 मरीज पहुंचे इलाज कराने: ठंड के बावजूद मेडिकल कॉलेज में 1788 लोगों ने इलाज कराने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें अधिकतर मरीज व उनके परिजन ने मास्क नहीं लगाया था। कुछ ने साल व मफलर से मुंह ढके थे। वहीं, दवा काउंटर पर लोगों को की लंबी कतार रही। यहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया जा रहा था। लोग एक–दूसरे के करीब खड़े थे। इसमें महिला व पुरुष शामिल थे। सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क नहीं लगाने वाले सुरक्षा कर्मी के टोकने पर उलझ जा रहे थे। मेडिकल कॉलेज प्रशासन कोरोना की जांच पर जोर दे रहा है, लेकिन लोग जांच कराने से कतार रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में 48 लोगों ने एंटीजन तथा 15 ने आरटीपीसीआर जांच कराई।

# सड़क में गढ्ढा या गढ्ढे में सड़क,लोग परेशान कैसे हो रास्ता आसान

अरून शर्मा / दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार,गोरखपुर ।गोला तहसील मुख्यालय से पूरब बड़हलगंज के लिए जाने वाला मुख्य सड़क रामजानकी मार्ग गढ्ढो में तब्दील हो चुका है। जबकि शासन का फरमान था कि किसी भी स्तर पर प्रत्येक सड़क मार्ग गढ्ढा मुक्त होना चाहिए। शासन ने समय भी बिभाग को दे रखा था ।लेकिन समय ही नही बीता बल्कि बर्ष 2022 चला गया लेकिन इस मुख्य सड़क मार्ग पर बने गढ्ढो में थोड़ी सी तब्दीली नही दिखी। सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले लोग सूबे की सरकार पर कोसते नजर आ रहे है ।लोगो का कहना है कि आखिर यह सड़क मार्ग गढ्ढा मुक्त क्यों नही बना ।प्राप्त बिबरण के अनुसार गोला तहसील क्षेत्र में गोला तहसील मुख्यालय से बड़हलगंज की दूरी लगभग 17 किमी है ।यह सड़क मार्ग बर्तमान में

**■ जनप्रतिनिधि व शासन के अफसरान सड़क मार्ग से गुजरते है प्रतिदिन लेकिन शासन प्रशासन अपने कानों में डाले बैठी है तेल**

### प्रति दिन सड़क दे रही है मौत का दावत

इतना ही नही सड़क पर बने गढ्ढे जानलेवा भी साबित हो रहे है। जबकि इस सड़क मार्ग से जनप्रतिनिधि व सरकारी महकमा के लोग प्रतिदिन सफर करते देखे जा रहे है। लेकिन किसी का ध्यान इस दयनीय सड़कपर नही दिख रहा है ।इस ब्यवस्था से क्षेत्रके लोगो मे भारी असन्तोष ब्याप्त है ।क्षेत्र के लोगो ने सूबे के मुखिया से मांग किया है कि गोला से बड़हलगंज जाने वाले सड़क मार्ग को गढ्ढा मुक्त करा दिया जाय ।जिससे लोग आसानी से सफर कर सके।



रामजानकी मार्ग के नाम से प्रसिद्ध हो चुका है। इस सड़क मार्ग पर सिकरीगंज की तरफ कार्य भी आरम्भ है ।लेकिन गोला से बड़हलगंज जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग की स्थिति गढ्ढो में तब्दील हो जाने के कारण काफी दयनीय बन चुका है। इस सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले लोग बिभाग और सरकार को कोसते नजर आ रहे है। वैसे सरकार का फरमान जारी हुआ था कि कोई भी सड़क मार्ग पर गढ्ढा न दिखे। सड़क गढ्ढा मुक्त होना चाहिए। सूबे के मुखिया का फरमान बिभाग द्वारा पूरी तरह अनदेखा कर दिया गया और सड़क की स्थिति गढ्ढो के कारण दयनीय बन गई है।

# नौ घंटे मशक्कत के बाद ठीक हुई डिजिटल एक्स–रे मशीन

देवरिया। मेडिकल कॉलेज के डिजिटल एक्स–रे का केबल कटने से मशीन ने काम करना बंद कर दिया था। चार दिन बाद दिनभर की मशक्कत के बाद शाम को मशीन ठीक हुई। अब मंगलवार से डिजिटल एक्स रे शुरू होगा और फिल्म भी मिलेगी। पोंटेबल मशीन से किसी तरह कार्य किया जा रहा था। कूल्हे, कमर, स्पाइन का एक्स–रे नहीं हुआ। इससे ठंड में मरीजों को दिक्कत हुई। उन्हें बाहर से एक्स–रे कराना पड़ रहा है। वहीं, मोबाइल पर फोटो खींचकर रिपोर्ट दी गई। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल के ऑर्थो विभाग में कमर, घुटने, गर्दन, नस व हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों की भीड़ लगती है। ओपीडी में लगी पोर्टेबल मशीन से शरीर के छोटे हिस्से का एक्स–रे होता है और मोबाइल पर फोटो खींचकर रिपोर्ट दी जाती है। जबकि डिजिटल एक्स–रे सेंटर पर अत्याध ुनिक मशीन लगी है। यहां गंभीर व बड़ा एक्स–रे होता है और फिल्म दी जाती है। चार दिन पहले चूहे ने टेबल व सेंसर को कनेक्ट करने वाले डिटेक्टर तार को काट दिया। इससे सेंसर ने काम करना बंद कर दिया और टेबल खराब हो गई। वॉल स्टैंड पर कार्य हो रहा था। शुक्रवार को चूहे ने एक्स–रे मशीन से कंप्यूटर को जोड़ने वाले तार को भी काट दिया, जिससे स्क्रीन पर इमेज न आने से मशीन से कार्य पूरी तरह ठप हो गया। कर्मचारियों ने सूझबूझ से काम लेते हुए पोर्टेबल मशीन से एक्स–रे कार्य शुरू किया, लेकिन मरीज को लिटाकर किया जाने वाला तथा कूल्हे, कमर व स्पाइन व अन्य अंगों का एक्स–रे नहीं हो रहा था। लखनऊ से बुलाना पड़ा टेक्नीशियनः लखनऊ से टेक्नीशियन पहुंचा और सुबह सात बजे से कार्य में जुट गया। जांच करने पर एक के बाद एक–एक फॉल्ट मिलता गया। चूहों ने कई जगह तार काटा था। दिन भर की कड़ी मशक्कत के बाद शाम तकरीबन चार बजे मशीन ठीक हुई। इस दौरान कर्मचारी भी टेक्नीशियन के सहयोग में जुटे हैं। पोंटेबल मशीन से 115 मरीजों का एक्स– रे किया गया। बीच–बीच में रोक दिया जा रहा था। स्ट्रेचर के मरीजों का किसी तरह एक्स–रे हुआ। इसके लिए उन्हें काफी इंतजार करना पड़ा। वहीं ओपीडी में 106 मरीजों का एक्स–रे हुआ।

# पछुआ हवाओं से तराई क्षेत्र में ठंड हुई प्रचंड

महराजगंज। पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी और पछुआ हवाओं की वजह से तराई क्षेत्र में ठंड प्रचंड हो गई है। दिन का तापमान दो डिग्री और कम हो गया। न्यूनतम तापमान आठ डिग्री और अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बीते दो दिनों से पांच से सात किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवा गलन बढ़ाती रही। इसका लोगों की दिनचर्या पर भी असर पड़ा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक ठंड से एक जैसा हाल रहा। सूर्य देव बादलों में छिपे रहे। सुबह नौ बजे तक कोहरा छाया रहा। शाम पांच बजते ही फिर धुंध छाने लगी। इससे वाहन चालकों की परेशानी बढ़ी। मौसम विशेषज्ञ कैलाश पांडेय ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होगी। नमी 70 से 75 प्रतिशत के बीच रहेगी। पछुआ हवाओं के कारण गलन ज्यादा रहेगी। जुकाम, बुखार, उल्टी के मरीज बढ़ेः जिला अस्पताल में भी ठंड का असर दिखने लगा है। जुकाम, बुखार, खांसी के अलावा उल्टी से पीड़ित मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। एक डॉक्टर के कक्ष में इन बीमारियों से पीड़ित 10 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। आने वाले दिनों में ठंड ज्यादा हुई तो बीपी, कोल्ड स्ट्रोक, हृदय रोग बढ़ सकता है। ऐसे मरीजों को डॉक्टर सचेत रहने का सुझाव दे रहे हैं। जिला अस्पताल के डॉ. एवी त्रिपाठी ने बताया कि गर्दन में दर्द होने की समस्या लेकर भी मरीज आ रहे हैं। मरीजों को दवा के साथ बचाव के लिए जरूरी सुझाव दिए जा रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल चौधरी ने बताया कि बच्चों को ठंड से बचाए रखने के लिए गर्म कपड़े जरूर पहनाएं। कैप, मोजे, स्वेटर आदि चीजें उन्हें सर्द हवाओं से बचाएंगी। पूरी नींद नहीं लेने से सर्दी जुकाम होने की समस्या अधिक हो सकती है। 5 से 13 साल के बच्चों को 9 से 11 घंटे की नींद लेनी चाहिए। चौराहों पर बुझे अलाव, ठंड से कांप रहे लोगः महराजगंज शहर में प्रमुख स्थानों पर जैसे तैसे अलाव का इंतजाम हुआ है, लेकिन वह भी कुछ देर जलकर बुझ जाते हैं। इससे राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों और अन्य कामकाजी लोगों की मुश्किल बढ़ गई है। .बस स्टेशन के पास अलावा बुझा हुआ मिला। निचलौल शहर में भी यही हाल रहा है। नौतनवां, घुघली, परतावल समेत अन्य नगर निकायों में कुछ ही स्थानों पर अलाव जलता हुआ मिला। निचलौल बस स्टेशन पर मासूम बच्ची को लेकर महिला बैठी हुई थी, लेकिन यहां अलाव का कोई इंतजाम नहीं था। गर्म कपड़ों, हीटर, गीजर की खरीदारी बढ़ीः बाजार में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। महराजगंज शहर में दुकानों पर गर्म कपड़ों की खरीदारी करने में लोग जुटे रहे। कपड़ा विक्रेता महेश कुमार ने बताया कि जैकेट और स्वेटर, गर्म शर्ट व टीशर्ट आदि की मांग है। महिलाएं जैकेट, स्टॉल, शॉल आदि की खरीदारी कर रही हैं। गर्म नाइट सूट युवतियों की पहली पसंद है। इनकी कीमत 500 रुपये से शुरू है। गर्म कुर्ती की भी नई डिजाइन उन्हें लुभा रही है। बच्चों के लिए भी विभिन्न प्रकार की वैरायटी उपलब्ध हैं। उधर, इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विक्रेता सुमित वर्मा ने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ ही एक सप्ताह से हीटर, गीजर व पानी गर्म करने की रॉड की बिक्री बढ़ी है। हालांकि यह मांग पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी कम है।

# अड्डा बाजार बना विकासखंडः अमनमणि त्रिपाठी

पवन विश्वकर्मा / दैनिक बुद्ध का संदेश



महराजगंज,नौतनवा। तहसील क्षेत्र के अड्डा बाजार में अड्डा के नाम से ब्लॉक मुख्यालय बनाए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र के पिछड़े वर्ग के लोगों को इससे काफी राहत मिलेगा ।उक्त बातें आज मंगलवार को नौतनवा विधानसभा के पूर्व विधायक अमनमणि त्रिपाठी ने अपने नौतनवा स्थित कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहीं। श्री त्रिपाठी ने कहा कि मेरे विधायकी कार्यकाल में अड्डा में ब्लॉक मुख्यालय बनाए जाने को लेकर हमने प्रस्ताव 18ध्8ध्2019 में दिया जिस पर शासन में विचार चल रहा था अब अड्डा को ब्लॉक मुख्यालय बनाए जाने की कार्रवाई लगभग पूरी हो चुकी। शीघ्र ही ब्लॉक बनना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अड्डा के ब्लॉक बनने से जंगल से जुड़े पिछड़े क्षेत्र के लोगो को कॉफी राहत मिलेगा। अड्डा बाजार के लोगों को ब्लॉक पर जाने के लिए 15 किलोमीटर की दूरी नहीं तय करना पड़ेगा। उनके सभी समस्याओं का समाधान ब्लॉक मुख्यालय पर हो जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से नौतनवा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रिन्स सिंह राठौर, सोनौली नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अहद खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख नौतनवा प्रहलाद प्रसाद, विकास दुबे, फैज खान, अमित यादव, सनी श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में छात्रसंघ निर्वाचन अधिसूचना जारी

## 11 जनवरी को नामांकन,19 जनवरी को मतदान

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा,सोनभद्र। स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में होने वाले छात्रसंघ चुनाव सत्र 2022–23 की अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी गई। इसके साथ ही महाविद्यालय में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई।नामांकन 11जनवरी को एवं मतदान 19 जनवरी 2023 को होंगे।उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रत्येक पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री दिनांक 10 जनवरी 2023 को प्रातरू 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन में किया जाएगा। नामांकन पत्र जमा करने की तिथि दिनांक 11 जनवरी को प्रातरू 11 बजे से 4 बजे तक,नामाँकन पत्रों की जांच 12 जनवरी को प्रातरू 11 बजे से 4 बजे तक एवं वैध नामाँकन पत्रों की घोषणा 12 जनवरी को सांय 4 बजे के बाद किया जाएगा। नामाँकन पत्रों की वापसी दिनांक 13 जनवरी को प्रातरू 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। प्रत्याशियों के नामो की अन्तिम सूची दिनांक 13 जनवरी को अपराहन 4 बजे बाद प्रशासनिक भवन में किया जायेगा।प्रत्याशियों की योग्यता एवं परिचय सभा दिनांक 16 जनवरी को प्रातरू 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक महाविद्यालय परिसर में होगा। छात्र संघ मतदान दिनांक 19 जनवरी को प्रातरू 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी एवं मतगणना व परिणाम की घोषणा दिनांक 19 जनवरी को अपराहन 2.30 बजे से मतदान परिणाम आने तक महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी।अधिसूचना जारी करते हुए अंत में प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि छात्र संघ चुनाव लिंगदोह के अनुसार होगा। प्रत्येक पद के चुनाव मतपत्र में उपर्युक्त में से कोई नही यानी नोटा का भी विकल्प उल्लिखीत होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही महाविद्यालय परिसर में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई।छात्र संघ अधिसूचना जारी करते समय मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रोफेसर डॉ किशोर कुमार सिंह,प्रोफेसर डॉ राधाकांत पाण्डेय,डॉ संतोष कुमार सैनी,डॉ विकास कुमार,डॉ राजेश प्रसाद,डॉ अमूल्य सिंह,डॉ रंजीत सिंह,डॉ विजय प्रताप यादव एवं तमाम छात्र– छात्रा उपस्थित रहे।

# हिन्दू धर्म की मान्यता एवं जीवन मूल्यों का संरक्षण जरूरी: दिवाकर जी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।अनपरा के ककरी सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद धर्म प्रसार विभाग के अनपरा प्रखण्ड के तत्वावधान में राष्ट्र रक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया! कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यम रेड्डी एवं संचालन पवन सिंह ने किया! कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र सत्संग प्रमुख दिवाकर ने कहाँ की इस देश में विदेशी आक्रान्ताओं ने खुलेआम कत्लेआम किया! मंदिरों को तोड़ा मूर्तियों को विसर्जित किया हिन्दू समाज के ऊपर प्रतिघाट किया हजार वर्ष तक यातना झेलने के बाद भी हिन्दू समाज ने अपने धर्म की रक्षा की लड़ते लड़ते जंगलों में गये



वनवासी, शोषित, पददलित कहलाना स्वीकार किया परंतु अपना धर्म नहीं छोड़ा लाखों बलिदानों के परिणामस्वरूप हिन्दू समाज अजेय और अडिग खड़ा है! इस समय इस देश के अंदर उन बंधुओं को सेवा के नाम पर लालच और प्रलोभन देकर धर्मांतरण के काम में लगे हैं विश्व हिन्दू परिषद इन बंधुओं को संगठित कर धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक बनाकर उनके सुखदुख में साथ खड़ा रहने के लिए कृत संकल्पित है! विश्व हिन्दू परिषद काशी प्रांत के धर्म प्रसार प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी ने उपस्थित जनसमुदाय से छल पर प्रपंच के माध्यम से हिन्दू बहु बेटियों के साथ हो रहे लवजिहाद के प्रति सजग रहने का आवाहन किया! उक्त अवसर पर उपस्थित निर्धन बंधु एवं भगिनी को कंबल और टोपी वितरण किया गया उक्त अवसर पर सोनभद्र जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी जगमेंदर सेन अग्रवाल, हेमंत मिश्रा, मुकेश तिवारी, चंद्र प्रकाश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सरजू वैशवार,प्रभा शंकर मिश्रा लखनऊ के प्रतिष्ठित समाजसेवी भूपनाथ शुक्ल, प्रवीण त्रिपाठी, सुरेन्द्र दिवेदी, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# आबकारी निरीक्षक ने किया देशी शराब दुकान पर ओवर रेटिंग की शिकायत की जांच

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के

**■ सरफाबाद में स्थित देशी शराब दुकान पर ओवर रेटिंग होते पाये जाने पर 1 विक्रेता को गिरफ्तार कर भेजा जेल, अनुज्ञापी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी।**



विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकरी निरीक्षक क्षेत्र 2, रवि जायसवाल के द्वारा निरीक्षण के दौरान सरफाबाद स्थित देशी शराब दुकान पर ओवर रेटिंग की शिकायत की जांच की गई। उन्होंने बताया कि टेस्ट परचेज के द्वारा की गई जांच में शिकायत सही पाई गई और विक्रेता राजेश कुमार पुत्र श्याम सिंह ग्राम रेजुआ थाना जलेसर जिला एटा के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराते हुए जेल भेजा गया व अनुज्ञापी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# बड़ेल में फैज किदवई के आवास पर हुआ शानदार मुशायरा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी।शाद बड़ेलवी द्वारा आयोजित फैज किदवाई के आवास पर एक शानदार मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मास्टर इरफान बाराबंकवी ने तथा संचालन वकार काशिफ ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर रेहान अलवी तथा नफीस बाराबंकवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम प्रस्तुत किए।इरफान बाराबंकवी ने पढ़ा – कयामत से मुझको डराते हो क्यों कर, तेरा रूठना क्या कयामत नहीं है,डॉक्टर रेहान अलवी ने कहा– कुछ बुरा वक्त यूं भी निभाना पड़ा, फेकी चीजों को फिर से उठाना पड़ा,वकार काशिफ ने पढ़ा–ये जो पानी मेरी आंखों में भरा रहता है, इसलिए जखध्म मोहब्बत का हरा रहता है,, नफीस बाराबंकवी ने कहा– अपने कदम सफर में कुछ ऐसे बढ़ाइए, चलना पड़े जो आग पर चलकर दिखाइए,,जैद मजहर ने कहा– खध्लूस वालों को हरगिज खध्फा नहीं करते,फिर ऐसे लोग दोबारा मिला नहीं करते,, शाद बड़ेलवी ने सुनाया जिस मौसम में चांद घटाओं से निकले,वो मौसम क्या खध्ूब सुहाना होता है,जाहिद बाराबंकवी ने कहा–इब्ने आदम की ये फितरत होती है, एक मिले तो दो की चाहत होती है,, दानियल साकिब ने सुनाया– वो बार–बार चमकते हैं जब अंधेरा हो, गुरूर रात का कुछ जुगनुओं ने तोड़ा है,कैफ बड़ेलवी ने कहा–रास्ते खघमोश हैं अपनी जगह हम क्या करें,बीच में कश्ती हमारी दूर अब साहिल भी है,, तालिब आलापुरी ने सुनाया – सजदा वो है जिस में पाया जाए खध्लूस, सिर्फ जबीं झुक जाने से क्या होता है,,तुफैल इदरीसी ने कहा– बीवी के कहने से उसको छोड़ दिया, जिसके पांव के नीचे जन्नत होती है,इनके अलावा सुहैल बड़ेलवी तथा अन्य शायरों ने भी अपने कलाम प्रस्तुत किए। देर रात तक चलने वाले मुशायरे में बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# कार्ड धारकों को 1 जनवरी 2023 से आगामी 1 वर्ष तक मिलेगा निशुल्क खाद्यान्न

### जनपद के 846971 सदस्य/यूनिट होंगे लाभान्वित

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्ध नगर। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के



निर्देशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत आच्छादित अंतोदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को एक जनवरी 2023 से आगामी 1 वर्ष तक निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनएफएसए के अंतर्गत वितरित होने वाले खाद्यान्न में गेहूं 2 प्रति किलोग्राम तथा चावल 3 प्रति किलोग्राम था, जिसका वहन अब भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। इस प्रकार कार्ड धारकों को उक्त खाद्यान्न गेहूं व चावल 1 जनवरी 2023 से आगामी 1 वर्ष तक निशुल्क प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में प्रचलित अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी 199996 राशन कार्ड धारकोंध्परिवारों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध होगा, जिससे उक्त राशन कार्डो में सम्मिलित 846971 सदस्य यूनिट सीधे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कार्ड धारकों का आह्वान किया है कि उक्त खाद्यान्न की कोई भी धनराशि उचित दर विक्रेता को नहीं दी जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगरध्प्रभारी निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सूचना केंद्र नई दिल्ली।

# थाना मांची पुलिस ने ईनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। थाना मांची पर पंजीकृत मु0अ0सं0–62/2022 धारा



3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम में संलिप्त वांछित अभियुक्त अफरोज उर्फ डब्लू पुत्र पीर मोहम्मद निवासी ग्राम पनौरा, थाना मांची की शीध्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा 10,000ध– का पुरस्कार घोषित किया गया था । उक्त निर्देशध्पुरस्कार घोषित के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में आज थाना मांची पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर खोडैला बीएसएनएल टावर के पास से उपरोक्त घटना में वांछितध्फरार रुपये 10,000ध– के पुरस्कार घोषित अभियुक्त अफरोज उर्फ डब्लू पुत्र पीर मोहम्मद निवासी ग्राम पनौरा, थाना मांची, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मेंप्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय, उपनिरीक्षक विनय कुमार सिंह, पोस्ट प्रभारी खोडैला, . मुख्य आरक्षी राजेश सिह, मुख्य आरक्षी मो0 अकरम खान, आरक्षी जयकिशन, आरक्षी अल्ताफ रहे।

# कर्म ही मनुष्य को बनाता है महान– प्राचार्य डीएवी'

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, रॉबर्ट्सगंज में



प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के एवं बच्चों ने पुष्पार्चन किया। इसी क्रम में विद्यालय के शिक्षक रविन्द्र भारती जी ने बच्चों को सावित्री बाई के जीवन एवं कृतित्व के विषय में बताया और कहा कि शिक्षा के अभाव में जीवन अंधकारमय हो जाता है। उक्त अवसर पर बच्चों सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंकुर भाटिया ने कहा कि मनुष्य जन्म से महान नहीं होता बल्कि उसके द्वारा किया गया कर्म उसे महान बनाता है।उन्होंने कहा कि सावित्री बाई जी ने जिन चुनौतियों के बीच बालिका शिक्षा एवं महिलाओं के कल्याणार्थ कार्य किया वह स्वयं में अतुलनीय था। आज उन्हीं के दिखाए गए मार्ग पर चलकर बेटियाँ समाज एवं देश स्तर पर पहचान कायम कर रही हैं एवं देश के विकास में योगदान दे रही हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें भी उनके कृतियों से सीख लेकर स्वयं के साथ–साथ दूसरों के जीवन का भी उत्थान करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# विशेष न्यायालय में संविदा के आधार पर अर्दली व चपरासी के पद पर होगी नियुक्ति

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्ध नगर। जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायालय गौतम बुद्ध नगर में स्थापित विशेष न्यायालय में 1 अर्दली व 1 चपरासी के पद पर संविदा के आधार पर सेवानिवृत्त कर्मचारी की नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी आगामी 12 जनवरी 2023 तक निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने अनिवार्य योग्यता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित पद से विगत 5 वर्षों में सेवानिवृत्त हुए हो। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त पदों का सृजन कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 28 फरवरी 2023 तक के लिए यदि बिना किसी पूर्व सूचना के इससे पहले ही समाप्त न कर दिय जाए, आवेदन प्रशासनिक कार्यालय जनपद न्यायालय गौतम बुद्ध नगर में मूल रूप में स्वीकार किए जाएंगे, प्रेषित आवेदन प्रारूप 1 के साथ घोषणा पत्र प्रारूप 2 देना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि विगत 2 वर्षों में सेवानिवृत्त ऐसे आवेदक जिनकी सत्य निष्ठा प्रमाणित हो व लगन से कार्य करते हो उनको वरीयता दी जाएगी।

**■ सेवानिवृत्त कर्मचारी नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप पर आगामी 12 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन।**

# डीबीए की चुनाव के लिये अतुल प्रताप पटेल निर्वाचन अधिकारी नियुक्त



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी की बैठक विंध्यवासिनी प्रसाद एडवोकेट अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुआ संचालन महामंत्री रामजी राम सिंह यादव एडवोकेट ने किया बैठक में सर्वसम्मति से एल्डर कमेटी का गठन हुआ जिसमें ओमप्रकाश सिंह एडवोकेट को अध्यक्ष व राजनाथ सिंह व विश्राम सिंह को सदस्य नामित किया गया ! इसके बाद निर्वाचन मंडल का गठन करने की चर्चा के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी अतुल प्रताप पटेल एडवोकेट व सहायक निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सिंह एडवोकेट को नियुक्त किया गया।कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से पास हुआ कि चुनाव दिनांक 6 जनवरी 2023 से 18 जनवरी 2023 तक के बीच कराया जाएगा आगे महामंत्री ने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन का सूची तैयार हो गया है डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र की तैयारी चुनाव की तैयारी हो गया है बैठक में विंध्यवासिनी प्रसाद सिंह एडवोकेट, राम जीवन सिंह एडवोकेट, स्वदेश कुमार सिंह एडवोकेट, पवन कुमार सिंह एडवोकेट, अतुल प्रताप पटेल एडवोकेट, कमलेश कुमार सिंह एडवोकेट, राजेश यादव एडवोकेट, कृष्णानंद यादव, राजेंद्र प्रसाद मौर्या एड ,वीरेंद्र कुमार राव ,ओमप्रकाश सिंह ,राजकुमार सिंह, मोहम्मद सलीम एड ,कुरेशी शाहिद इरफान एड गंगेश्वर आफताब आलम एड इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# परेशान कर रहा हैं आपको गर्दन का दर्द, ये 8 योगासन दिलाएंगे इससे छुटकारा



आजकल के दौर में डेस्क जॉब बहुत बढ़ गई हैं जहां कई घंटों लगातार कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करना पड़ता हैं। इस दौरान लंबे समय तक बैठे रहने, सही बॉडी पोश्चर ना होने जैसे कारणों की वजह से गर्दन दर्द की समस्या होने लगती हैं। कई लोग इस गर्दन दर्द को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह बढ़कर विक्राल रूप ले सकती हैं। ऐसे में आपको समय रहते समझदारी दिखाते हुए गर्दन दर्द को ठीक करने के प्रयास करने चाहिए। ऐसे में आप योगासन की मदद भी ले सकते हैं जिनके नियमित अभ्यास से नसों का तनाव कम होता हैं और दर्द में आराम मिलता हैं। यहां हम आपको ऐसे कुछ योग बताने जा रहे हैं जो गर्दन दर्द में आराम दिलाने का काम करेंगे। आइये जानते हैं इन योगासन के बारे में...

कुर्मासनः टर्टल पोज करने के लिए सबसे पहले अपने पेट के बल योगा मैट पर लेट जाएं। अपने हाथों को अपने कूल्हों के नीचे रखें और इन्हें जमीन में मजबूती से लगाएं। अपने सिर को जमीन से ऊपर उठाएं, इसे अपनी कोहनी पर टिकाएं। इस मुद्रा को पूरा करने के लिए अपनी ठुड्डी को अपनी छाती से लगाएं। अपनी गर्दन और कंधों की मांसपेशियों को आराम देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस स्थिति में 20 सेकंड के लिए रहें।

मार्गरी आसनः इस योग मुद्रा को करने के लिए कलाई कंधे के नीचे और घुटने कूल्हों के नीचे होते हैं। सभी चौकों पर समान रूप से संतुलन बनाने के साथ ऊपर देखते हुए, श्वास लें और पेट को फर्श की ओर आने दें। सांस छोड़ते हुए ठुड्डी को छाती से स्पर्श करें और नाभि को रीढ़ की ओर खींचे। इस आसन को दोहराएं। यह आसन गर्दन और कंधों को मजबूत करता है।

कोबरा मुद्राः इस मुद्रा में आने के लिए सबसे पहले फर्श पर मुंह के बल लेट जाएं। अपने हाथों को सीधे अपने कंधों के नीचे रखें, हथेलियां नीचे की ओर हों और उंगलियां आगे की ओर हों। अपने शरीर को तब तक ऊपर की ओर धकेलें जब तक कि ये सिर से पैर तक एक सीधी रेखा में न आ जाए। अगरआप सक्षम हैं तो 30 सेकंड से एक मिनट या इससे अधिक समय तक रुकें।

बालासनः घुटने के बल जमीन पर बैठ जाएं और शरीर का सारा भार एडियों पर डालें। गहरी सांस लेते हुए आगे की ओर झुकें। आपका सीना जांघों से छूना चाहिए और अपने माथे से फर्श को छूने की कोशिश करें। कुछ सेकंड इस अवस्था में रहें और वापस उसी अवस्था में आ जाएं। इस आसन से केवल गर्दन और पीठ के दर्द से ही आराम नहीं मिलता बल्कि मन भी शांत होता है। यह आसन कूल्हों, जांघों और पिंडलियों को लचीला बनाकर ताजगी का अहसास कराता है। यह गर्दन, पीठ और रीढ़ को आराम देता है और कंधों पर तनाव कम करता है।

वीरभद्रासनः आप वीरभद्रासन का सहारा ले सकते हैं। इस योग को करने से भी कंधे और गर्दन को दूर करने में मदद मिलती है। वीरभद्रासन तीन प्रकार के होते हैं। इनमें पहली मुद्रा को करने से कंधे और गर्दन के दर्द से छुटकारा मिलता है। इसके लिए सबसे पहले ताड़ासन मुद्रा में आ जाएं। अब अपने दोनों हाथों को धड़ की सीध में ऊपर उठाएं। इस दौरान अपना ध्यान हाथों पर रखें। इसके बाद अपने दाहिने पैर को आगे करें। इस अवस्था में कुछ देर तक रहें। इसके बाद पुनरू पहली अवस्था में आ जाएं।

नटराज आसनः अपनी पीठ को सीधे रखते हुए जमीन पर लेट जाएँ। धीरे से अपने सीधे पैर को उठा कर बाएँ पैर के उपर ले आएँ। बायां पैर सीधा ही रखें। ध्यान रहे कि दाहिना पैर जमीन पर एक सीधा कोण बनाए। अपने दोनों हाथों को शरीर के दाहिने और बाएँ तरफ फैला कर रखें। चेहरे को दाहिनी तरफ मोड़ लें। कुछ गहरी लंबी श्वास लें और छोड़ें और इसी मुद्रा में तीस सेकंड्स तक स्थिर रहें।बाएँ पैर से इसी आसन की पुनरावृति करें। यह आपकी मांसपेशियों को तो लचीला बनाती ही है साथ ही आपको पूर्णता और आनंद का अनुभव कराती है। यह शिव के नृत्य की मुद्रा है। शिव तत्व को अपने भीतर व चारों ओर महसूस करें।

सलंब भुजंगासनः अपने कंधों के नीचे अपनी कोहनी के साथ अपने पेट के बल लेट जाएं, अपनी हथेलियों और फोरआर्म्स को दबाएं। अपने ऊपरी धड़ और सिर को ऊपर उठाते हुए अपनी पीठ के निचले हिस्से, नितंबों और जांघों को सहारा देने के लिए कस लें। अपनी आंखों को सीधे आगे रखें और सुनिश्चित करें कि आप अपनी रीढ़ को लंबा कर रहे हैं। इस मुद्रा में 2 मिनट तक रहें।

बीतिलीआसनः अपनी पिंडलियों को जमीन पर रखें और बाकी शरीर को टेबल टॉप मुद्रा में रखें, यानि कि अपनी जांघों, धड़ और हाथों की सहायता से एक मेज का रूप धारण करें। अपने घुटने और कूल्हों को एक ही लाइन में रखें। अपनी कमर, कोहनियों तथा कंधों को भी एक लाइन में जमीन से सटा कर रखें। आपका धड़ जमीन के समानांतर हो। इस मुद्रा में रहते हुए सांस भरें और अपने पेट को जमीन की तरफ अंदर खींचें। अब अपने सिर को उपर की तरफ उठाएँ। इसी मुद्रा में थोड़ी देर तक रहें और फिर मार्जरिआसन में आ जाएँ।

## अदिवी सेश ने गुडाचारी के सीच्ल जी2 की झलक पेश की

समीक्षकों द्वारा प्रशंसित और व्यावसायिक फिल्मों, विशेष रूप से 2022 में मेजर और हिट 2 के पीछे अभिनेता अदिवि सेश ने




अपनी अगली परियोजना जी2 की एक झलक पेश की है। यह तेलुगू फिल्म गुडाचारी का दूसरा भाग है, जो एक बड़ी सफलता थी और फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। अपने इंटेंस लुक और फील के साथ पोस्टर नेट पर जिज्ञासा का स्तर बढ़ा रहा है। पोस्टर में मुख्य अभिनेता अदिवि शेष के हाथ में बंदूक है। उसी फ्रेंचाइजी का भाग 1 एक दिलचस्प स्पाई थ्रिलर था, जिसने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया था। अदिवी शेष का 2022 अच्छा रहा है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बहादुर मेजर संदीप उन्नीकृष्णन की बायोपिक मेजर के साथ, वह एक प्रमुख अखिल भारतीय सितारे के रूप में उभरे हैं।




## शिवांगी जोशी ने पहना ऐसा आउटफिट, फैंस करने लगे बार्बी डॉल से तुलना



ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम शिवांगी जोशी यानी नायरा इन दिनों अपने बोल्ड फोटोशूट के कारण सोशल मीडिया पर तहलका मचाने में लगी हुई हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हुस्न के कायल हो जाते हैं। हाल ही में शिवांगी जोशी फोटोग्राफर डब्बू रतनानी के साथ किए गए अपने लेटेस्ट फोटोशूट की वजह से लाइमलाइमट में हैं। शिवांगी जोशी टीवी इंडस्ट्री की जानी–मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। एक्ट्रेस ये रिश्ता क्या कहलाता है में नायरा का किरदार निभाकर हर घर में फेमस हो गई थीं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान बेहद ही शानदार आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस शिवांगी जोशी ने इन तस्वीरों में सी ग्रीन शिमरी शॉर्ट आउटफिट कैरी किया था और साथ ही उनकी ड्रेस के बॉटम पार्ट पर फर लगे हुए थे। शिवांगी जोशी अपने इस आउटफिट में बेहद ही अट्रैक्टिव लग रही हैं। फैंस को भी उनका ये हॉट अंदाज बेहद पसंद आ रहा है। इन तस्वीरों में शिवांगी जोशी बेहद ही किलर लुक्स में चेहरे पर प्यारी सी स्माइल देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। बालों की पोनी टेल बांध कर साथ ही न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस शिवांगी जोशी ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार बरसाते हैं। हालांकि एक यूजर ने उनकी तस्वीरों में कॉमेंट करते हुए लिखा है नीले–नीले अंबर पर चांद जब छाए. वहीं एक ने शिवांगी के लिए लिखा ब्यूटिफुल लिखा हैं।

## रितेश देशमुख की वेड का सिनेमाघरों में बेहतरीन प्रर्दशन, बनाया ये रिकॉर्ड

30 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई रितेश देशमुख और जेनेलिया की मराठी फिल्म वेड बॉक्स ऑफिस पर



बेहतरीन प्रर्दशन कर रही है। इस फिल्म के जरिए यह जोड़ी फिर से स्क्रीन साझा करते नजर आ रही है। वेड ने महामारी के बाद सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली मराठी फिल्म के रूप में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म ने अपनी रिलीज के तीन दिनों में करीब 10 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। फिल्म ने रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को 4.50 करोड़ रुपये की कमाई की। पहले दिन फिल्म ने 2.25 करोड़ रुपये और दूसरे दिन 3.25 करोड़ रुपये की कमाई की। वेड का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब 10 करोड़ रुपये हो गया है। रोमांटिक एक्शन फिल्म में जिया शंकर, रविराज कांडे, अशोक सराफ और शुभंकर तावड़े भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी काफी हद तक रितेश के किरदार सत्या के इर्द–गिर्द घूमती है, जो एक क्रिकेटर है।

## पोषक तत्वों का भंडार हैं हरी मटर, खाने से मिलते हैं ये फायदे



ठंड का मौसम दस्तक देने लगा है और इसी के साथ कुछ ऐसी सब्जियां भी आने लगी हैं, जिन्हें खाने के लिए हम सर्दियों का इंतजार करते रहते हैं। ऐसी ही एक सब्जी है मटर। मोती के जैसे छोटे–छोटे दानों वाला ये मटर ठंड के मौसम की सबसे खास सब्जी है, हालांकि बहुत से लोग मटर खाना पसंद नहीं करते, लेकिन एक्सपर्ट्स के मुताबिक आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। कुछ डिशेज ऐसी हैं, जो मटर के बिना अधूरी हैं। फिर चाहे हम बात करें पुलाव की या फिर वेज बिरयानी और मटर–पनीर की। इन व्यंजनों का स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़े–से मटर ही काफी हैं। एक तरफ इनका स्वाद लाजवाब है, तो वहीं दूसरी तरफ इनके आयुर्वेदिक गुण भी अनगिनत हैं। मटर में ऐसे कई पोषक तत्व हैं, जो गंभीर से गंभीर बीमारियों से बचाव करने में सक्षम हो सकते हैं। वजन घटाने में मददगारः मटर खाने के फायदे में वजन घटाना भी शामिल है। कारण यह है, कि इसमें काफी प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। साथ ही इसमें कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। इसलिए, इसके उपयोग से पेट जल्दी भरता है और जल्दी भूख का एहसास भी नहीं होता। इस तरह इसका इस्तेमाल आपको मोटापे से छुटकारा पाने में मददगार साबित हो सकता है। कैंसर में फायदेमंदः विशेषज्ञों के मुताबिक, मटर में एंटीऑक्सीडेंट के साथ कई ऐसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जिनमें कैंसर से बचाव करने के गुण पाए जाते हैं। इस कारण मटर खाने के फायदे में कैंसर की समस्या से बचाव भी शामिल किया जा सकता है। दिल का रखे ख्यालः विशेषज्ञों के मुताबिक, मटर में कई खास तत्व पाए जाते हैं, जो हृदय संबंधी विकारों को दूर करने में सक्षम होते हैं। साथ ही, उनमें खून को साफ करने का भी अद्भुत गुण पाया जाता है। इस कारण ऐसा माना जा सकता है, कि मटर के लाभ में दिल से संबंधित बीमारियों को नियंत्रित करना भी शामिल है । स्किन बनाए हेल्दीः मटर में स्किन फ्रेंडली पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन बी 6, सी और फोलेट (फोलिक एसिड) शामिल हैं। वो कहती हैं, ये पोषक तत्व इन्फ्लेमेशन और फ्री रैडिकल डैमेज को कम करने में मदद कर सकते हैं जो स्किन से कोलेजन और इलास्टिन–प्रोटीन के प्राकृतिक भंडार को खत्म कर देता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि मटर में मौजूद फ्लेवोनॉइड्स, कैटेचिन, एपिकेटचिन, कैरोटेनॉयड और अल्फा–कैरोटीन भी एंटी–एजिंग असर के लिए जाने जाते हैं। प्रोटीन का एक अच्छा स्रोतः मटर को प्लांट बेस्ड प्रोटीन के सबसे अच्छे स्रोतों में से एक माना जाता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि मटर पेट भरने वाले और फाइबर से भरपूर होते हैं और ये उन लोगों के लिए एकदम सही है जो जानवरों से मिलने वाले प्रोटीन का सेवन नहीं करते हैं। इसके अलावा, डॉ गरिमा कहती हैं कि मटर में मौजूद फाइबर मल त्याग को आसान बनाने में मदद करता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल करेः मटर में नियासिन की मात्रा अधिक होती है, जो ट्राइग्लिसराइड्स और वीएलडीएल (बहुत कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन, जिससे बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है) के उत्पादन को कम करने में मदद करता है और एचडीएल यानी गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है।

डायबिटीज में मददगारः विशेषज्ञों के मुताबिक, मटर में एंटीऑक्सीडेंट गुणों के साथ–साथ एंटी–हाइपर ग्लाइसेमिक (ब्लड शुगर को नियंत्रित करने वाले) प्रभाव भी पाए जाते हैं । इस कारण ऐसा कहा जा सकता है कि हरी मटर के फायदे में रक्त में शुगर की अधिक मात्रा को नियंत्रित करना भी शामिल है।

आंखों के लिए फायदेमंदः मटर में ल्यूटिन और जेक्सैथीन नाम के दो खास तत्व पाए जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह दोनों तत्व आंखों के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। इनका इस्तेमाल आंखों से संबंधित कई परेशानियों को दूर करने में सहायक होता है । इसलिए माना जा सकता है कि आंखों की रोशनी बढ़ाने में हरी मटर खाने के लाभ मिल सकते हैं। साथ ही इसके लिए जिम्मेदार कारकों से बचाव करने में भी यह मददगार साबित होता है ।